mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-05 अंक-305 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
06 नवंबर 2025 गुरुवार


# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



बीसीसीआई ने दी...
@ पेज 7

## असम में सातवीं क्लास की छात्रा का गैंगरेप,बाइक पर किडनैपिंग



**असम, एजेंसी।** असम के तिनसुकिया जिले में स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। नाबालिग स्कूल से वापस घर जा रही थी तभी तीन व्यक्तियों ने उसे किडनैप कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित की हालत गंभीर है।

**अब जानिए क्या हुआ-** नाबालिग सातवीं कक्षा की छात्रा है। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जब वह स्कूल से अपने घर लौट रही थी, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने उसको किडनैप कर लिया। आरोपी उसे एक चाय बागान में ले गए और वहां उसका सामूहिक बलात्कार किया। इसके बाद आरोपी उसे सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए । स्कूल खत्म होने के बाद जब लड़की तय समय पर घर नहीं पहुंची,तब परिवार ने उसको ढूंढना शुरू किया। शाम करीब 5 बजे एक ई-रिक्शा ड्राइवर ने परिवार को सूचना दी कि उसने लड़की को एक चाय बागान के पास सड़क किनारे पड़ा देखा है।

## आर्मी चीफ बोले- आज कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं

### साझा इनोवेशन ही सुरक्षा कवच

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

जनरल द्विवेदी मंगलवार को दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6त्र और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों।

## उप्र के मीरजापुर में ट्रेन की चपेट में आकर 6 महिलाओं सहित 8 श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल



**मीरजापुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में बुधवार सुबह चुनार रेलवे स्टेशन पर बड़ा रेल हादसा हो गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं हैं। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

घटना सुबह करीब 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर हुई। बताया जा रहा है कि चोपन से आई पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते भीड़ अधिक होने से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म की ओर न उतर कर दूसरी तरफ ट्रैक से नीचे उतरने लगे। तभी तेज रफ्तार से आई नेताजी एक्सप्रेस उसी ट्रैक से गुजर गई। श्रद्धालु कुछ समझ पाते, इससे पहले ही ट्रेन ने कई लोगों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर दिल दहला देने वाला मंजर था। रेलवे ट्रैक पर चारों ओर लोगों के शव बिखर गए। शवों के टुकड़ों को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से समेट कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल यात्रियों को तुरंत जिला अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में अधिकांश कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा घाट जा रहे श्रद्धालु बताए जा रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष मिश्रा ने बताया कि इस हादसे में 6 महिला मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा जनपद सोनभद्र हैं। अन्य मृतकों की पहचान करने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू कराया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बिलासपुर ट्रेन हादसाः11 यात्रियों की मौत, 20 घायल



**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हुए भीषण ट्रेन हादसे में अब तक 11 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मंगलवार तक यह आंकड़ा 8 था। वहीं 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं 11 में से 1 महिला की शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों में बिलासपुर के लोग ज्यादा हैं। हादसा मंगलवार को उस समय हुआ, जब गेवरा मेमू लोकल ट्रेन बिलासपुर स्टेशन के आउटर पर अपनी रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान सामने मालगाड़ी खड़ी थी और दोनों ट्रेनों में टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने तेज ब्रेक लगने की आवाज और फिर जोरदार धमाका सुना। कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। राहत और बचाव दलों ने गैस कटर से बोगियां काटकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। देर रात तक रेस्क्यू अभियान जारी रहा। घायल यात्रियों का इलाज रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो अस्पताल में चल रहा है। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन शुरुआती जानकारी के अनुसार ऑटो सिग्नल फेल होने की आशंका जताई जा रही है।

### राहुल बोले- हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी

# राज्य के 5 लोगों को मंच पर बुलाया सभी बोले- हमारे नाम वोटर लिस्ट से काटे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर कल वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट काट दिए गए हैं। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल ने कहा कि इलेक्शन के दो दिन बाद सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियााणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।

राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। कहा ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले।

### भाजपा बोली- वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी

## छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं ; कहते हैं एटम बम फटेगा, बम फटता क्यों नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा- राहुल ने जो प्रजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा- हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में कल चुनाव है। वे ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। राहुल बोलते हैं कि एटम बम फटने वाला है। उनका एटम बम कभी फटता क्यों नहीं है?

**राहुल ने कहा- हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी :** राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में आज 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट काट दिए गए हैं।

राहुल ने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था। बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके।

### बिहार चुनाव :एफआईआर पर ललन की सफाई,कहा- राजद ने भ्रामक वीडियो पोस्ट किया,चुनाव आयोग निष्पक्ष

**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और JDU नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने बुधवार को अपने ऊपर FIR पर सफाई दी। ललन सिंह ने कहा- चुनाव आयोग निष्पक्ष है। आयोग के निर्देश पर मेरे खिलाफ FIR दर्ज की गई है तो मैं इसका सम्मान करता हूं। ललन सिंह ने कहा- RJD ने भ्रामक वीडियो पोस्ट किया। मोकामा के जिस गांव में वीडियो बनाया गया, वहां एक राजद नेता गरीबों को धमकाते हैं। उन्हें बूथ पर नहीं जाने के लिए डराते हैं। इसलिए मैंने कहा था कि अगर नेता गरीबों को धमकाएं, तो गांव के लोगों को उन्हें घर में बंद कर देना चाहिए। चुनाव आयोग ने मंगलवार को आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में ललन सिंह के खिलाफ पटना में FIR दर्ज कराई थी। RJD ने उनका एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वे लोगों से कह रहे थे- यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा।

## देवरिया में टला बड़ा हादसा: सरयू नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, बाल-बाल बचे सभी यात्री



**देवरिया, एजेंसी।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर बरहज नगर के थानाघाट के सामने बुधवार की सुबह करीब नौ बजे सरयू नदी में श्रद्धालुओं से भरी छोटी नाव अचानक पलट गई। नाव पर करीब 13 लोग सवार थे, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। अधिक लोगों के सवार हो जाने से असंतुलित होकर पलट गई। इस दौरान लोगों में चीख पुकार मची रही।

लोगों ने बताया कि थानाघाट के सामने चार धारा बह रही है। एक धारा की तरफ नाव में सभी लोग सवार हो गए। अभी नाव करीब 50 मीटर दूर गई थी कि असंतुलित होकर पलट गई। संयोग अच्छा रहा कि घटना स्थल पर नदी का पानी लगभग चार फीट गहरा था, जिसके कारण किसी की जान नहीं गई। नाव पलटते ही वहां चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौके पर पहुंची बरहज पुलिस ने भी राहत कार्य में मदद की। लोगों की सक्रियता से बड़ी दुर्घटना टल गई। नाव में सवार श्रद्धालुओं के कपड़े, मोबाइल, पैसे और पूजन सामग्री सहित कई सामान पानी में डूब गए। हादसे के बाद श्रद्धालु चीख पुकार मची रही। लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा जैसे अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए सरयू तट पर आते हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए।

### पटना में पहले मौत दौड़ती थी,अब दौड़ रही मेट्रो ट्रेन

# बांका में राजनाथ सिंह बोले-राजद हर बार नौकरी देने का वादा करती है, पूरा नहीं करती

### श्रेयसी सिंह के समर्थन में राजनाथ सिंह की सभा



**पटना, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका में आज चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, बिहार का भविष्य तय करने का समय आ गया है। जिसका दामन साफ होगा, वहीं बिहार को विकसित राज्य बना सकता है। अब फैसला जनता को करना है कि वह बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहती है या फिर जंगलराज की ओर। रक्षा सिंह ने विपक्ष पर झूठे वादों का आरोप लगाते हुए कहा कि राजद सरकार हर बार नौकरी देने का वादा करती है, लेकिन उसे कभी पूरा नहीं करती। बिहार अब बदल चुका है, जनता विकास की बात करती है, धमकी की नहीं। पटना में पहले मौत दौड़ती थी, अब मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगी है।

साथ ही रक्षा मंत्री ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने भारत में लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा। लेकिन हमने धर्म नहीं, कर्म देखकर ही मारा। राजनाथ सिंह ने कहा, भारत ऐसा देश है, जहां औरतें चींटी भी नहीं मारती, बल्कि उसके लिए अलग से आटा निकाल देती है। उन्होंने श्रेयसी सिंह की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि यह जमुई का नाम सिर्फ राज्य नहीं देश और दुनिया में रोशन कर रही है। सभा को यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सलभमणि त्रिपाठी, प्रत्याशी श्रेयसी सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मंच की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शैलेंद्र महतो कर रहे थे, जबकि संचालन की जिम्मेवारी भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा केसरी संभाल रहे थे।

## अक्षरा सिंह ने तेजप्रताप से मांगी एक कट्ठा जमीन,बोले-दे देंगे

### भरी सभा में जयचंद के नाम का खुलासा किया; तेजस्वी ने की सबसे ज्यादा सभाएं



**पटना, एजेंसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह मंगलवार को तेजप्रताप के सपोर्ट में उतरीं। वो महुआ पहुंची और तेजप्रताप यादव के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने मजाकिया लहजे में तेजप्रताप से कहा कि, अगर आप जीत जाएंगे तो यहीं पर मुझे एक कट्ठा जमीन दे दीजिएगा। तेजप्रताप ने जवाब दिया बिल्कुल देंगे।

**तेजप्रताप बोले- मुकेश रोशन जयचंद है :** तेजप्रताप यादव ने 5 जयचंदों में से एक जयचंद के नाम का खुलासा किया है। महुआ में प्रचार के आखिरी दिन यानी मंगलवार को तेजप्रताप ने कहा कि, मुकेश रोशन भी जयचंद है। मुकेश रोशन महुआ से राजद कैंडिडेट हैं। तेजप्रताप ने बताया कि, लालू यादव की तबीयत खराब है, उसका फायदा उठाकर उनकी जानकारी के बिना मुकेश रोशन को टिकट दिया गया है।

**तेजस्वी ने की सबसे ज्यादा 83 सभाएं :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार की शाम समाप्त हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरीय नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने मिलकर जितनी सभाएं (कुल 15) कीं, उतनी अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री ने 15 सभा और एक रोड शो किया।

## बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी तापमान शून्य,भक्तों की भीड़



### 15.90 लाख लोगों ने किए दर्शन; 25 नवंबर को बंद होंगे कपाट

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में बुधवार सुबह नवंबर की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढक गया, जिससे धाम का नजारा बेहद मनमोहक दिखाई दिया।मौसम में आए अचानक बदलाव से तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त 'जय बद्री विशाल' के जयकारों के साथ भगवान बद्रीनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे।

इस साल अब तक 15 लाख 90 हजार 550 लोग बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं। बद्रीनाथ के कपाट 25 नवंबर 2025 को दोपहर 02:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस साल कपाट बंद होने की तिथि विजयदशमी पर तय की गई थी।

### मौसम विभाग- आने वाले दिनों में और होगी बर्फबारी

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम के साथ यात्रा करने की अपील की है।

बर्फ से ढके बद्रीनाथ धाम का दृश्य देखने के लिए पर्यटक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे धाम क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है। इससे पहले अक्टूबर 6 और 7 को बर्फबारी हुई थी।

इससे पहले 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। तब एक दिन में दर्शन के लिए 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी दौरान गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाई थी।

## हरियाणा के झोटे की राजस्थान में 21 करोड़ कीमत, पुष्कर मेले में छाया कुबेर

### अंग्रेज ले रहे सेल्फी; सबसे महंगा मुर्रा नस्ल का झोटा बना

**फतेहाबाद,एजेंसी।** पिछले दिनों कुरुक्षेत्र के 9 करोड़ी युवराज की मौत की खबर ने जुनूनी पशु प्रेमियों को गम से भर दिया। मुर्रा नस्ल के इस झोटे को हरियाणा का सबसे कीमती मवेशी होने का गौरव था। अब युवराज की मौत के बाद रिक्त हुए स्थान को फतेहाबाद के कुबेर ने भर दिया है। राजस्थान के पुष्कर मेले में इंट्रोड्यूस किए गए कुबेर की कीमत 21 करोड़ रुपए लगी। हालांकि, मालिक विकास भांभू ने साफ कर दिया कि कोई 50 करोड़ भी देगा तो वह कुबेर का सौदा नहीं करेंगे।

फतेहाबाद जिले के नाढ़ोडी गांव के किसान विकास भांभू अपने मुर्रा नस्ल के झोटे कुबेर को लेकर राजस्थान के अजमेर जिले स्थित पुष्कर मेले में गए। वहां आंध्र प्रदेश के पशु व्यापारियों ने उसकी कीमत 21 करोड़ रुपए लगाई। विकास ने कहा कि यह झोटा शान है, इसे नहीं बेचेंगे। अब इसके सीमन बेचेंगे। विकास 10 एकड़ में खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। साथ में पशुपालन भी करते हैं।

पुष्कर मेले में हुई पशुओं की प्रतियोगिता में झोटे कुबेर ने पहला स्थान प्राप्त किया। अब राजस्थान सरकार के



पशुपालन विभाग की ओर से बुधवार को झोटे कुबेर और उसके मालिक विकास भांभू को सम्मानित किया जाएगा। मेले में कुबेर ऐसा छाया है कि विदेशी पर्यटक उसके साथ सेल्फी लेने को आतुर दिखे, खासकर महिला पर्यटक।

### सीमन बैंक में रखेंगे कुबेर, प्रदेश में बढ़ेगी नस्ल सुधार की उम्मीद

पशुपालक विकास भांभू ने बताया कि वह कुबेर झोटे को बेचने के बजाय सीमन बैंक में रखेंगे, ताकि उससे उच्च गुणवत्ता वाला सीमन तैयार कर पशुपालकों को वाजिब दामों पर उपलब्ध कराया जा सके। इससे उन्हें हर महीने लाखों रुपए की आय भी होगी और आसपास के इलाकों में मुर्रा नस्ल के सुधार में मदद मिलेगी।

**सीमन बुकिंग के लिए आने लगी कॉल-** विकास भांभू बताते हैं कि कुबेर झोटे की 21 करोड़ रुपए की कीमत लगने के बाद हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से सीमन की बुकिंग के लिए उनके पास लगातार कॉल आ रही हैं।

# रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध व्यक्ति से 1 करोड़ बरामद, हवाला के जरिए दूसरे राज्य में भेजा जा रहा था पैसा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को 1 करोड़ रुपये के साथ पकड़ा। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि यह रकम हवाला नेटवर्क के जरिए अवैध रूप से ट्रांसफर की जा रही थी। आरपीएफ ने व्यक्ति व पैसे को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग की टीम को सौंप दिया है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर निलेश कुमार के नेतृत्व में टीम स्टेशन परिसर व आसपास गश्त कर रही थी। इस दौरान एएसआई पवन, सुशील मलिक, हेड कांस्टेबल नीरज, प्रदीप और कांस्टेबल विनोद की नजर स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी। आरपीएफ ने संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की। इस दौरान उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें करीब एक करोड़ रुपये मिले। इसके बारे में संदिग्ध कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पूछताछ में सामने आया कि संदिग्ध व्यक्ति मूलरूप से गुजरात का रहने वाला है।

अधिकारियों को शक है कि यह रकम किसी बड़े हवाला नेटवर्क के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जा रही थी। तभी आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सूचना दी गई। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रकम व संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। आयकर अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह रकम कहां से आई और किसे दी जानी थी। सूत्रों की मानें तो इस रकम को दिल्ली से दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा था। रेलवे स्टेशनों पर निगरानी बढ़ाई अधिकारियों का कहना है कि यह मामला बड़े हवाला रैकेट से जुड़ा हो सकता है।

आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। आरपीएफ ने रेलवे स्टेशनों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। विशेष टीमें ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर तैनात की गई हैं।

# दो संगीन मामलों में घोषित आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंजङ्कद्व टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी नितेश दहिया उर्फ निटे को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो संगीन मामलों अपहरण व हत्या (थाना बवाना) और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट (थाना कंझावला) में घोषित अपराधी था। इसके अलावा गुरुग्राम पुलिस ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि साल 2018 में बवाना थाना क्षेत्र में एक युवक साहिल उर्फ गैब्सू के अपहरण व हत्या का मामला दर्ज हुआ था। जांच के दौरान मृतक की प्रेमिका के बयान में सामने आया कि साहिल को लड़की के पिता विजेंद्र और भाइयों राकेश, मनीष, लोकेश, नितेश दहिया और सौरभ ने मिलकर बेरहमी से पीटा और उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को सोनीपत के सिलाना गांव के पास नहर में फेंक दिया गया। आरोपित नितेश को अदालत से 14 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी, लेकिन वह फरार हो गया। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार इसके अलावा साल 2017 में थाना कंझावला में दर्ज मुकदमें में आरोपित नितेश ने एक नाबालिग लड़की को घर से भगाकर शादी कर ली थी। बाद में पुलिस जांच में लड़की की उम्र कम पाई गई और मामला अपहरण व पॉक्सो एक्ट में परिवर्तित कर दिया गया।

नितेश इस मामले में भी जमानत पर बाहर आया और अदालत की कार्यवाही से बचता रहा। तीन सितंबर 2025 को अदालत ने उसे इस मामले में भी भगोड़ा घोषित कर दिया।

पुलिसउपायुक्तने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को 4 नवंबर को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित नितेश दहिया अपने पैतृक गांव सिलाना, थाना खरखौदा, जिला सोनीपत (हरियाणा) में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने देर रात को छापेमारी की। पुलिस को देखकर आरोपित छत से कूदकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे पीछा कर दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपित नितेश दहिया (29) सोनीपत हरियाणा का रहने वाला है। उसने दसवीं तक पढ़ाई की है और शादीशुदा है। उसकी एक बेटी है। वह पहले चोरी जैसे अपराधों में शामिल रहा, बाद में अपहरण, हत्या और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराधों में भी लिप्त हो गया।

# अमृतसर और दिल्ली से दो नाबालिग लापता लड़कियों को खोजकर परिवार से मिलवाया

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को सफलतापूर्वक बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया है। एक बच्ची को अमृतसर (पंजाब) से और दूसरी को दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से सुरक्षित बरामद किया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सतत प्रयासों से सफलता हासिल की।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के अनुसार पहला मामला चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने की रिपोर्ट 3 नवंबर को दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की एएचटीयू यूनिट ने जांच अपने हाथों में ली। टीम को सुराग मिलने पर पुलिस अमृतसर (पंजाब) पहुंची और अमरकोट क्षेत्र में किराये के मकान से लड़की को बरामद किया। जांच में पता चला कि लड़की उसी इमारत में रहने वाले एक युवक के संपर्क में आई थी और उसके बहकावे में आकर घर से बिना बताए उसके साथ अमृतसर चली गई थी। पुलिस ने लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया। वहीं दूसरा मामला अलीपुर थाना क्षेत्र का है। जहां 15 वर्षीय लड़की 31 जुलाई 2025 को लापता हुई थी। मामला दर्ज होने के बाद इंस्पेक्टर मनोज दहिया, महिला कॉन्स्टेबल अंजू और कॉन्स्टेबल धर्मराज की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। तकनीकी जांच से पता चला कि लड़की गुमनहेड़ा गांव, नजफगढ़ (दिल्ली) में रह रही है। टीम ने मौके पर पहुंचकर लड़की को बरामद किया। पूछताछ में सामने आया कि वह परिवार में झगड़े के कारण घर से चली गई थी और पिछले कुछ महीनों से अकेले रहकर घरेलू काम कर रही थी। लड़की सातवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी है और उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा बांग्लादेशी गिरतार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम जिले की विदेशी सेल ने अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से दो बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 के तहत कार्रवाई करते हुए निर्वासन (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपित की पहचा मो. सुमन मियां उर्फ पिंकी के रूप में हुई है। उत्तर पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बुधवार को बताया कि जिले की विदेशी सेल को हाल ही में सूचना मिली थी कि महेन्द्रा पार्क क्षेत्र के पास गेट नंबर-2, एनएस मंडी के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है, जो संभवतः बांग्लादेशी नागरिक है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विपिन कुमार की देखरेख में एक टीम गठित की गई। टीम ने इलाके में निगरानी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने पहले खुद को भारतीय बताया, लेकिन जवाबों में विरोधाभास और हावभाव से पुलिस को शक हुआ। जब उसके दस्तावेजों और डिजिटल प्रमाणों की जांच की गई तो यह साबित हुआ कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है। लगातार पूछताछ के बाद आरोपित ने अपनी वास्तविक पहचान उजागर करते हुए बताया कि वह बांग्लादेश के जनपद सिलहट का निवासी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित ने अपनी पहचान छिपाने के लिए जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराई थी और महिला का रूप धारण कर दिल्ली में रह रहा था। वह दिन में भिक्षावृत्ति करता था और रात में आपत्तिजनक गतिविधियों में लिप्त रहता था। पहचान छिपाने के लिए वह नियमित रूप से साड़ी या सलवार सूट, भारी मेकअप, विग और महिला साज-सज्जा के सामान का उपयोग करता था। 1, जिसके बाद वह बैरक लौट जाएगी। आर्मी के ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (आर्टडॉक) के जनरल- ऑफिसर- कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल एम.डी. मैनूर रहमान ने यहां सेना मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि आम जनता की तरह सेना भी देश में समय पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण चुनाव की उम्मीद कर रही है, जिसके बाद वह बैरक लौट जाएगी।

# भारतीय मूल के सिनसिनाटी मेयर को दूसरी बार जीत

## उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई को दी शिकस्त



**सिनसिनाटी, एजेंसी।** अमेरिका में बुधवार को अलग-अलग चुनावों में डेमोक्रेट पार्टी और भारतवंशी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। इनमें एक विजेता ओहायो के शहर सिनसिनाटी के भारतीय मूल के मेयर आफताब पुरेवाल भी रहे। पुरेवाल ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई कोरी बोमन को हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। फॉक्स न्यूज की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, पुरेवाल की जीत से सिनसिनाटी के स्थानीय प्रशासन पर डेमोक्रेटिक पार्टी का नियंत्रण और मजबूत हुआ है। इससे ओहायो की राजनीति में पुरेवाल की स्थिति और सशक्त हुई है। 43 वर्षीय पुरेवाल, जो पहले अमेरिका में विशेष सहायक अटॉर्नी रह चुके हैं, ने 2021 में करीब 66 फीसदी वोट पाकर पहली बार मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी।

**पुरेवाल की मां का तिब्बत से वास्ता, पिता पंजाबी:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वे बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं। पुरेवाल ने 2015 में हैमिल्टन काउंटी क्लर्क ऑफ कोर्ट्स के चुनाव से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। मई में हुए प्राथमिक चुनाव (ओपन प्राइमरी) में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी बोमन को 80 प्रतिशत से अधिक मतों से हराया था। दोनों शीर्ष उम्मीदवारों के रूप में नवंबर के चुनाव में आमने-सामने आए।

बोमन, जिन्होंने पहले कभी कोई सार्वजनिक पद नहीं संभाला था, अपने सौतेले भाई जेडी वैंस के उपराष्ट्रपति पद संभालने से प्रेरित होकर राजनीति में आए। वैंस ने उनके प्रचार अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका नहीं निभाई, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने भाई के समर्थन में संदेश देते हुए लिखा कि वह एक अच्छे व्यक्ति हैं, जिनका दिल समुदाय की सेवा के लिए धड़कता है और लोगों से उनके लिए वोट करने की अपील की थी।

# डेमोक्रेट एबिगेल स्पैनबर्गर होंगी वर्जीनिया की पहली महिला गवर्नर



**वाशिंगटन, एजेंसी।** डेमोक्रेट एबिगेल स्पैनबर्गर वर्जीनिया की पहली महिला गवर्नर होंगी। वह आधिकारिक रूप से चुनाव जीत गई हैं। उन्हें रिपब्लिकन विनसम अर्ल-सियर्स से चुनाव में कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा। स्पैनबर्गर की जीत वर्जीनिया के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण क्षण है। इस चुनाव को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के लिए एक जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है।

द वाशिंगटन पोस्ट और द हिल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्पैनबर्गर ने वर्जीनिया में गवर्नर पद का चुनाव आधिकारिक रूप से जीत लिया। वर्जीनिया के मतदान केंद्र मंगलवार शाम बंद हो गए। इसके बाद मतों की गिनती शुरू हुई। मतदान से एक दिन पहले चुनाव प्रचार में दोनों दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक दी। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने स्पैनबर्गर और अन्य डेमोक्रेट्स के समर्थन में नॉरफॉक में नजर आए।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोमवार रात राज्य के रिपब्लिकन समर्थकों के साथ एक टेलीफोनिक संवाद किया। सभी से रिपब्लिकन उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष केन मार्टिन ने सोमवार को विलियम्सबर्ग में कार्यकर्ताओं से कहा, हम इसलिए जीतेंगे क्योंकि हमारे पास ऐसे महान उम्मीदवार हैं जो लोगों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

पूर्व सीआईए अधिकारी और अमेरिकी कांग्रेस सदस्य स्पैनबर्गर ने शिक्षा, आर्थिक और लोकतंत्र की रक्षा जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्पैनबर्गर ने रिचमंड में विजयी भाषण में कहा कि वर्जीनिया ने पक्षपात के बजाय व्यावहारिकता और अराजकता के बजाय सभ्य समाज को चुना।

# अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर में 16वीं बार की ड्रग तस्करों पर स्ट्राइक, दो की मौत; सैन्य तैनाती बढ़ाई

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को एक और ड्रग तस्करी में शामिल नाव पर घातक हमले की घोषणा की। यह हमला पूर्वी प्रशांत महासागर में हुआ, जिसमें नाव पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह ट्रंप प्रशासन की ड्रग तस्करी विरोधी अभियान की 16वीं बड़ी कार्रवाई है। अब तक इन हमलों में कम से कम 66 लोगों की मौत हो चुकी है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा हम अमेरिका में जहर फैलाने वाले हर ड्रग तस्कर और उनकी नौकाओं का अंत करेंगे। सोशल मीडिया पर रक्षा मंत्री हेगसेथ द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक नाव को हवा में उड़ाते हुए दिखाया गया है। वीडियो में नाव को आग की लपटों में घिरा हुआ भी देखा जा सकता है।

**ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराया:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है और दावा किया कि ये नावें विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इस दावे के ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों दलों के सांसदों ने प्रशासन से इस अभियान और इसके कानूनी आधार पर अधिक जानकारी देने की मांग की है।

**अमेरिकी विमानवाहक पोत कैरिबियाई क्षेत्र की ओर रवाना:** इस बीच, अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड भूमध्य सागर छोड़कर कैरिबियाई क्षेत्र की ओर रवाना हो गया है। इसके साथ कई विध्वंसक जहाज भी तैनात किए जा रहे हैं। यह कदम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में देखा जा रहा है। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि फोर्ड के साथ विध्वंसक जहाज यूएसएस बैनब्रिज भी अटलांटिक महासागर में प्रवेश कर चुका है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि पूरे स्ट्राइक ग्रुप के सभी जहाज कैरिबियन पहुंचेंगे या नहीं। बांग्लादेश सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को जोर देकर कहा कि सेना देश में समय पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कर रही है

# जिनपिंग की रूसी प्रधानमंत्री से महत्वपूर्ण बैठक



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को यहां रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया।

चीन की संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी। एजेंसी के मुताबिक वार्ता के दौरान राष्ट्रपति शी ने कहा, चीन और रूस के बीच सहयोग केवल दोनों राष्ट्रों के हित में ही नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी यह आवश्यक है।

महलांगोंग रेसिडेंस में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रपति शी ने रूसी प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों ने आर्थिक, सैन्य और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। उन्होंने कहा, हमारी साझीदारी को 'नए युग की रणनीतिक साझीदारी' के रूप में परिभाषित किया गया है, जो अमेरिकी एकतरफावाद और प्रतिबंधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल है। शी ने दोनों देशो के बीच ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भी गहन सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर मिशुस्तिन ने राष्ट्रपति शी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, रूस चीन को अपने सबसे विश्वसनीय साझीदार के रूप में देखता है। यूक्रेन संकट और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद, हमारा व्यापार 2024 में 240 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया, जो हमारी साझीदारी की मजबूती का प्रमाण है।

उन्होंने साइबेरिया से तेल पाइपलाइन विस्तार और आर्कटिक क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाओं पर चर्चा की, जो दोनों देशों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेंगी। इसके अलावा, दोनों नेताओं के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी।

यह बैठक 2025 के चीन-रूस वर्ष के तहत हुई, जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बैठक ब्रिक्स समूह और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे मंचों पर दोनों देशों की भूमिका को मजबूत करेगी।

इस बैठक के बारे में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, यह बैठक वैश्विक बहुध्रुवीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां चीन और रूस संयुक्त रूप से विकासशील देशों की आवाज बुलंद करेंगे।

बैठक के समाप्त होने पर राष्ट्रपति शी ने कहा, हम एक-दूसरे के विकास को अवसर के रूप में देखें और साझा भविष्य का निर्माण करें। यह मुलाकात न केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति को भी मजबूत करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप की टैरिफ पावर पर सुनवाई; व्हाइट हाउस बोला- हर स्थिति के लिए तैयार है सरकार



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ लगाने की शक्तियों को लेकर इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होने जा रही है। इससे पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि वह हर संभावित परिणाम के लिए तैयार है, लेकिन सरकार को अपने कानूनी पक्ष पर पूरा भरोसा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि व्हाइट हाउस हमेशा प्लान बी के लिए तैयार रहता है। राष्ट्रपति के सलाहकारों के लिए ऐसा न करना अनुचित होगा। हमें राष्ट्रपति और उनकी टीम के कानूनी तर्कों पर 100त्न भरोसा है। हमें विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट सही फैसला देगा।

लीविट ने आगे कहा कि यह मामला केवल ट्रंप से जुड़ा नहीं है, बल्कि भविष्य में आने वाले राष्ट्रपतियों की नीतियों से भी संबंधित है। उन्होंने कहा यह मामला सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप के बारे में नहीं है, बल्कि आपातकालीन अधिकारों के तहत भविष्य में राष्ट्रपति द्वारा टैरिफ लगाने की प्रक्रिया से भी जुड़ा है। ट्रंप का मानना है कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा है।

**'यह देश के लिए जीवन-मृत्यु का सवाल'** सुनवाई से पहले, ट्रंप ने इस मामले को देश के भविष्य से जोड़ते हुए कहा कल का सुप्रीम कोर्ट केस हमारे देश के लिए जीवन या मृत्यु का सवाल है। अगर हम जीतते हैं, तो हमें मजबूत आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा मिलेगी। अगर नहीं, तो हम उन देशों के सामने असहाय हो जाएंगे जिन्होंने वर्षों से हमारा फायदा उठाया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी स्टॉक मार्केट रिकॉर्ड स्तर पर है और यह ट्रंप प्रशासन द्वारा की गई टैरिफ नीतियों और समझौतों की वजह से संभव हुआ है।

**खजाना सचिव भी रहेंगे मौजूद:** अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने पुष्टि की कि वे सुप्रीम कोर्ट की इस सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे। उन्होंने कहा मैं खुद कोर्ट में मौजूद रहूंगा और पूरी सुनवाई सुनूंगा। यह एक ऐतिहासिक क्षण है।

# मेरी शाला बेस्ट शाला - विज्ञान शिक्षकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण सम्पन्न

## सभी हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में अनिवार्य होंगे प्रायोगिक कार्य खुलेंगी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में मेरी शाला बेस्ट शाला योजना के अंतर्गत जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में विज्ञान संकाय से संबंधित विषयों के अध्यापन हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण सह प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यशाला 31 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित की गई।



कार्यशाला में जिले के विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय के शिक्षकों को प्रायोगिक कार्य के महत्व एवं उसकी तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डॉ. सुजीत कुमार मिश्र, एपीसी रमसा ने बताया कि यह कार्यशाला अकादमिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक कार्यों से विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ेगी तथा उनमें विज्ञान विषय के प्रति रुचि और जिज्ञासा विकसित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में प्रायोगिक कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाएँ। उन्होंने चेतावनी दी कि औचक निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला अव्यवस्थित या प्रायोगिक कार्य बंद पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य एवं विषय शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में संजय गांधी कॉलेज सीधी के प्राचार्य एवं रसायन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. पी.के. सिंह, भौतिकी विषय के डॉ. अरविंद त्रिपाठी तथा जीव विज्ञान के डॉ. आई.पी. प्रजापति ने शिक्षकों को विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पी.के. सिंह को उनके 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ल, एपीसी डॉ. सुजीत मिश्र, विजय सिंह सहित जिले के अनेक प्राचार्य एवं विज्ञान विषय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## कृष्णा मेडिकल स्टोर पर छापा, एक्सपायरी दवाएं मिली; मरीजों का इलाज कर रहा था संचालक

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के मड़वास थाना क्षेत्र के टिकरी में बुधवार सुबह स्वास्थ्य विभाग ने कृष्णा मेडिकल स्टोर पर बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब 9:30 बजे हुई छापेमारी में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। दुकान पर एक्सपायरी दवाइयों की बिक्री और अवैध रूप से मरीजों का इलाज करते पाए जाने के बाद विभाग ने मेडिकल स्टोर को तत्काल सील कर दिया। छापेमारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को दुकान से 20 से अधिक एक्सपायरी दवाएं मिलीं। इन दवाओं का वितरण मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता था। टीम ने मौके पर दो मरीजों का इलाज होते हुए भी पाया। नियमानुसार, मेडिकल स्टोर संचालक को केवल दवा बेचने की अनुमति होती है, जबकि मरीजों का इलाज करने या दवा लिखने का अधिकार केवल प्रमाणित डॉक्टर को होता है।



मेडिकल स्टोर में इलाज किया जाना कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।

कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉ. संदीप शुक्ला स्वयं मौजूद थे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग मेडिकल क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने और कानून पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार ऐसी कार्रवाइयां कर रहा है। डॉ. शुक्ला ने कहा, 'मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। जिन्हें दवा बेचने का अधिकार है, वे केवल दवा ही बेचें और जिन्हें इलाज करने का अधिकार है, वही इलाज करें। भूमिकाओं का यह उलटफेर लोगों के जीवन को खतरे में डालता है। प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती जारी रखेगा।'

## बैढ़न कॉलेज में स्मार्ट बोर्ड पर चले फिल्मी गाने, वीडियो में पढ़ाई छोड़कर मनोरंजन करते दिखे स्टूडेंट; प्राचार्य ने छात्रा को नोटिस दिया

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के बैढ़न स्थित सिंगरौली डिग्री कॉलेज का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में छात्र-छात्राएं कक्षाओं में पढ़ाई की बजाय स्मार्ट बोर्ड पर फिल्मी गाने और बॉलीवुड वीडियो देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले में प्राचार्य ने कार्रवाई करने की बात कही है।



सोमवार को कॉलेज की कक्षा में एक छात्रा ने स्मार्ट बोर्ड पर बॉलीवुड गाने चला दिए। इस घटन का वीडियो मंगलवार को सामने आया जिसमें क्लास में शिक्षकों की अनुपस्थिति में कक्षा में स्मार्ट बोर्ड पर फिल्मी गाने चल रहे थे। मामला सामने आने के बाद प्राचार्य डॉ. एम. यू. सिद्दीकी ने कार्रवाई की बात कही है।

**लोग बोले- कॉलेज में अनुशासन की कमी:** स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलेज में अनुशासन और निगरानी की कमी है। छात्र लंच टाइम या खाली पीरियड में अपनी मनमानी करते हैं, और शिक्षकों की मौजूदगी में भी कोई सख्ती नहीं दिखाई देती।

यह कॉलेज मध्य प्रदेश शासन के तहत पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में चयनित है और इसे करोड़ों रुपए का फंड मिला है। ऐसे में इस तरह की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता ने पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**प्राचार्य बोले- छात्रा को नोटिस दिया, स्मार्ट बोर्ड लॉक किया:** मामले में प्राचार्य डॉ. एम. यू. सिद्दीकी ने बताया कि वीडियो सोमवार का है और इसकी जानकारी उन्हें मिल चुकी है। जिस छात्रा ने स्मार्ट बोर्ड पर वीडियो चलाया, उसकी पहचान कर नोटिस जारी किया गया है। साथ ही स्मार्ट बोर्ड को लॉक कर दिया गया है, अब इसे बिना पासवर्ड के नहीं चलाया जा सकेगा। वीडियो किसने वायरल किया, इसकी भी जांच की जा रही है।

**पहले भी विवादों में रहा:** यह कॉलेज कुछ समय पहले भी विवादों में रहा था। बीए प्रथम वर्ष के छात्र हिमांशु शर्मा ने प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्दीकी से सवाल किया था कि 'माइनर क्लासेस क्यों नहीं लग रही हैं?' उस समय प्राचार्य ने टालमटोल भरा जवाब दिया था। इसका वीडियो भी सामने आया था।

## फसल नुकसान पर सरकार से राहत की मांग, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की अगुवाई में कल किसान करेंगे महाधरना प्रदर्शन

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** सीधी में किसानों की समस्याओं को लेकर कल बुधवार को एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित विथिका भवन प्रांगण में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें हजारों किसानों के शामिल होने की संभावना है।

**किसान, कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण होंगे शामिल:** यह धरना सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिलेभर के किसान, कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में इसमें भाग लेंगे। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य खराब हुई फसलों के सर्वे, उचित मुआवजे, बिजली की अनियमित आपूर्ति और ग्रामीण जनता की अन्य समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है।

**फसल खराब होने, बिजली आपूर्ति न होने से किसान नाराज:** सीधी जिले में लगातार फसल खराब होने, बिजली आपूर्ति में लापरवाही और शासन द्वारा समय पर राहत न दिए जाने से किसान संकट का सामना कर रहे हैं। अचानक हुई बारिश, ओलावृष्टि और कीट प्रकोप से किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं।

**मध्य प्रदेश सरकार पर लापरवाही का लगाया आरोप:** पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में किसान चारों ओर से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सरकार की ओर से अब तक किसानों के लिए राहत का कोई ठोस ऐलान नहीं हुआ है।

## युवक गुजरात के सूरत में पिटाई, चाकू मारने की कोशिश; परिजन ने पुलिस से लगाई बचाने की गुहार वीडियो

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिले के नकझर खुर्द गांव का 26 वर्षीय युवक सुधीर पांडेय गुजरात के सूरत से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिवार ने आरोप लगाया है कि सूरत में काम के दौरान 'भोला भाई' नामक व्यक्ति ने उसे चाकू की नोक पर धमकाया और मारपीट की। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो 4 नवंबर की रात सुधीर के व्हाट्सएप और फेसबुक स्टेटस पर अपलोड हुआ। परिजनों का कहना है कि वीडियो सामने आने के बाद से उसका मोबाइल फोन बंद है और उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे परिवार बहरी थाना पहुंचा। उन्होंने थाना प्रभारी राजेश पांडेय को लिखित आवेदन देकर सुधीर को खोजने और सकुशल वापस लाने की गुहार लगाई।




**क्या है वीडियो में:** परिवार के अनुसार, वीडियो में सुधीर डरा हुआ दिख रहा है और बार-बार कह रहा है, 'भोला भाई मुझे माफ कर दो... अब मैं कभी सूरत नहीं आऊंगा!' वीडियो में सामने मौजूद युवक उसे धमकी देते हुए सुनाई दे रहा है कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो उसे चाकू से मार दिया जाएगा।

**पिता ने जताई अनहोनी की आशंका:** सुधीर के पिता महेश पांडेय ने बताया कि उनका बेटा सूरत की एक कंपनी में कार्यरत था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है। उनकी मां कमला पांडेय नेत्रहीन हैं। पिता ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 'वीडियो देखने के बाद से हम बहुत चिंतित हैं। उसका नंबर नहीं मिल रहा है और न ही कोई जानकारी मिल पा रही है। हमें किसी अनहोनी की आशंका सता रही है।'

**पुलिस ने दिया मदद का आश्वासन:** थाना प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि परिवार की शिकायत और वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित वीडियो दूसरे राज्य (गुजरात) का प्रतीत होता है, इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## सुई-धागे से बदली जिंदगी - चंपा नामदेव आज हैं आत्मनिर्भरता की पहचान

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिले के मझौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम खडौरा की निवासी चंपा नामदेव आज आत्मनिर्भर महिला उद्यमी के रूप में मिसाल बन चुकी हैं। लगभग पचास किलोमीटर दूर स्थित इस ग्रामीण क्षेत्र की चंपा ने अपने परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से जीवन की दिशा बदल दी है। चंपा नामदेव ने सिलाई एवं रेडीमेड कपड़ों के व्यवसाय को अपना आजीविका का माध्यम बनाया। उन्होंने वंदना स्व-सहायता समूह से जुड़कर सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) योजना के माध्यम से अस्सी हजार रुपये का बैंक ऋण प्राप्त किया। इसी राशि से उन्होंने सिलाई और कपड़ों का व्यापार प्रारंभ किया।



शुरुआत भले ही सीमित संसाधनों से हुई, लेकिन अपने कौशल, मेहनत और निरंतरता से चंपा ने व्यवसाय का विस्तार किया। आज वे स्वयं की दुकान संचालित कर रही हैं तथा आसपास की चार से पाँच महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण भी दे रही हैं। उनके द्वारा तैयार किए गए कपड़े अब सिलचर तक भेजे जा रहे हैं। चंपा नामदेव के परिश्रम का परिणाम यह है कि आज उनका परिवार पक्के घर में रह रहा है, बच्चे निजी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं, और वे प्रति माह लगभग बारह से चौदह हजार रुपये की नियमित आय अर्जित कर रही हैं। चंपा कहती हैं कि यदि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो गांव की महिलाए आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने मुझे समूह से जोड़कर आगे बढ़ने का अवसर दिया, जिसके लिए मैं मिशन की आभारी हूं।

## जिले में 6 को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में राज्य, संभाग और जिला स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 6 नवम्बर 2025 को एसआईटी कॉलेज, जमोड़ी सेंगरान, सीधी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा सात विधाओं क् कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्शनी, सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत एवं भाषण क् में से किसी एक विधा में प्रतिभाग कर सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

## निगम कमिश्नर की सख्ती, इंजीनियर को बाहर निकाला; पीएम आवास, सीएम हेल्पलाइन समीक्षा बैठक में लापरवाही पर कार्रवाई

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** नगर निगम में बुधवार को आयुक्त सविता प्रधान ने बड़ी कार्रवाई की। सीएम हेल्पलाइन और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने निर्माण शाखा के इंजीनियर आलोक पीरु को तत्काल बैठक से बाहर निकाल दिया। यह बैठक नगर निगम परिषद हॉल में आयोजित की गई थी। बैठक में विभिन्न वार्डों से प्राप्त शिकायतों और आवास निर्माण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। आयुक्त प्रधान ने अधिकारियों को स्वच्छता, पेयजल और नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई नियमित करने और डेयरी संचालकों पर जुर्माना लगाने के भी आदेश दिए।



प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्माणाधीन आवासों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को आवास की राशि मिल चुकी है, लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उनके बैंक खाते सीज किए जाएं। साथ ही, इंजीनियरों को वार्डवार प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने और अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा गया। इसी दौरान, आयुक्त सविता प्रधान ने निर्माण शाखा के इंजीनियरों के दैनिक रजिस्टरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में लगातार लापरवाही सामने आने पर उन्होंने इंजीनियर आलोक पीरु पर नाराजगी जताई और उन्हें तत्काल बैठक कक्ष से बाहर जाने का निर्देश दिया। बताया गया कि इंजीनियर पीरु निर्माण कार्यों और पीएम आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट में लगातार लापरवाही बरत रहे थे।

बैठक में कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, उपायुक्त आर.पी. बेस, सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, रूपाली द्विवेदी, एच.एम. श्रीवास्तव, लेखाधिकारी अनुपम दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परिश्रम और आत्मविश्वास से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं जानू गुप्ता



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के ग्राम बरसेनी की पलक स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य जानू गुप्ता ने अपनी मेहनत, लगन और मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई पहचान बनाई है। एक समय था जब जानू गुप्ता सीमित साधनों में अपने परिवार का खर्च चलाने में कठिनाई महसूस करती थीं। लेकिन आज वे अपने आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों के बल पर सफल महिला उद्यमी बन चुकी हैं।

पलक स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आजीविका मिशन मझौली अंतर्गत (एसवीईपी) प्रोजेक्ट से आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने (सीईएफ) से तीस हजार रुपये तथा (सीआईएफ) से चालीस हजार रुपये, कुल सत्तर हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त कर अपने गाँव में किराना एवं कपड़ा दुकान की शुरुआत की। शुरुआती दौर में अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद जानू गुप्ता ने हार नहीं मानी। उन्होंने आजीविका मिशन के सतत मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से अपने व्यवसाय को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया और आज उनकी मेहनत रंग लाई है। वर्तमान में श्रीमती जानू गुप्ता अपने व्यापार से प्रतिमाह लगभग पंद्रह हजार से बीस हजार रुपये की नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनी है, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। पलक स्व-सहायता समूह और आजीविका मिशन मझौली (ैटम्च् प्रोजेक्ट) के सहयोग से श्रीमती जानू गुप्ता ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि यदि संकल्प और परिश्रम साथ हो, तो आत्मनिर्भरता का सपना अवश्य साकार किया जा सकता है।

# पूर्व सीएम अर्जुन सिंह की जयंती, सीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि

## आज शाम रवीन्द्र भवन में होंगे कार्यक्रम; अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा होंगे शामिल

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर आज भोपाल में कार्यक्रम हो रहे हैं। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम में सीएम डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी ने चुरहट विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के परिवारजनों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की।





**अमेठी के सांसद कार्यक्रम में होंगे शामिल:** आज शाम को रवीन्द्र भवन में अर्जुनसिंह सद्भावना मंच द्वारा आयोजित 'यादें अर्जुन सिंह समारोह' में महाराष्ट्र के कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा करेंगे।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान, भोपाल के मध्य से विधायक आरिफ मसूद और उत्तर विधायक आतिफ अकील विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति के संरक्षक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया और उनके बड़े भाई अभिमन्यु सिंह अतिथियों का स्वागत और आभार करेंगे।

**रविन्द्र भवन में होगा मुशायरा और कवि सम्मेलन:** आयोजन समिति के सचिव डा0 महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया रविन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर रात आठ बजे से अखिल भारतीय मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर आयोजित मुशायरा और कवि सम्मेलन में प्रख्यात रचनाकार ताहिर फराज़ (रामपुर), पापुलर मेरठी (मेरठ), शकील आज़मी (मुम्बई), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम फार्रुख (एटा), मुमताज नसीम (दिल्ली), बिलाल सहारनपुरी (सहारनपुर), और तबरेज मुनव्वर राणा (लखनऊ) अपनी प्रस्तुति देंगे।

**अर्जुन सिंह अलंकरण से यह हस्तियां होंगी सम्मानित:** अर्जुनसिंह अलंकरण से सप्रे संग्रहालय के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व ओलंपियन हाकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद्र, कलाधर्मी पद्मश्री हरि चन्दनसिंह भट्टी और प्रसिद्ध कबीर लोक गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को सक्रिय योगदान के लिये अलंकृत किया जायेगा। वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व ओलंपियन हाकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद्र, कलाधर्मी पद्मश्री हरि चन्दनसिंह भट्टी और प्रसिद्ध कबीर लोक गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को अर्जुन सिंह अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व ओलंपियन हाकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद्र, कलाधर्मी पद्मश्री हरि चन्दनसिंह भट्टी और प्रसिद्ध कबीर लोक गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को अर्जुन सिंह अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

# विभाजनकारी बयान, राहुल गांधी जातीय वैमनस्य को दे रहे हैं हवा

संपादकीय

राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए असमान प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए क्या किया? असमान प्रतिनिधित्व की समस्या से इन्कार नहीं, लेकिन इसका समाधान समाज को विभाजित करना और जातियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना नहीं है। दुर्भाग्य से राहुल गांधी ऐसा ही कर रहे रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे ऐसा करते हुए जातीय वैमनस्य को भी हवा दे रहे हैं।

राहुल गांधी एक लंबे समय से यह प्रचारित कर रहे हैं कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च जातियों का आधिपत्य है और दलित-पिछड़ी जातियां हाशिये पर धकेल दी गई हैं। गत दिवस बिहार में उन्होंने यह भी कह दिया कि यही स्थिति सेना में भी है। उनकी मानें तो उच्च जातियों के दस प्रतिशत लोगों ने सेना पर नियंत्रण कर रखा है।

पहला प्रश्न तो यही उठता है कि उन्हें यह कैसे पता चला और दूसरा यह कि आखिर दस प्रतिशत लोगों का सेना पर नियंत्रण होने का क्या मतलब? वे ऐसे बयान देकर न केवल लोगों को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि सेना की छवि भी मलिन कर रहे हैं। कम से कम उन्हें सेना को तो बख्श देना चाहिए, जिसमें जाति, पंथ आदि के लिए कोई स्थान नहीं।

कोई भी यह नहीं कह सकता कि सेना की भर्ती में किसी तरह का भेदभाव होता है। यह ठीक नहीं कि राहुल गांधी जाने-अनजाने सेना की साख पर प्रहार कर रहे हैं। लगता है वे यह भूल गए कि कुछ समय पहले सेना को नीचा दिखाने वाले अपने बयान के लिए उन्हें किस तरह सुप्रीम कोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा था।

यह विचित्र है कि राहुल गांधी सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख कर यह तो कहते रहते हैं कि वहां दस प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली उच्च जातियों का प्रभुत्व है, लेकिन यह नहीं स्पष्ट करते कि खुद कांग्रेस के विभिन्न संगठनों में दलित, पिछड़ी जातियों का कितना प्रतिनिधित्व है?

राहुल गांधी की समझ से असमान प्रतिनिधित्व का एक मात्र उपाय जातिगत जनगणना है। हालांकि जातिगत जनगणना कराने का फैसला ले लिया गया है, लेकिन उन्हें इतने से ही संतोष नहीं। वे इसकी गिनती भी चाह रहे हैं कि किस क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं? क्या इससे वह असमान प्रतिनिधित्व दूर हो जाएगा, जिसकी चर्चा राहुल गांधी करते रहते हैं?

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मनमोहन सरकार के समय सच्चर कमेटी के जरिये यह जानने की चेष्टा की गई थी कि सेना में कितने मुस्लिम हैं? सेना की आपत्ति के बाद ऐसा नहीं हो सका। बीते कुछ समय से राहुल गांधी खुद को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पक्षधर साबित करने में लगे हुए हैं, लेकिन सब जानते हैं कि राजीव गांधी के समय किस तरह कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण का प्रबल विरोध किया था।

## बिहार चुनाव में जंगल राज बनाम सरकारी नौकरी की बौछार

**राज कुमार सिन्हा**

बिहार की राजनीति में अपराध, जाति और सत्ता का त्रिकोण लंबे समय से निर्णायक भूमिका निभाता आया है।जंगल राज' शब्द का पहली बार प्रयोग 1997 में हुआ था, और उसका संदर्भ आज के राजनीतिक अर्थ से बिल्कुल अलग था। उस समय चारा घोटाले में फंसे लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था और राबड़ी देवी ने शपथ ली थी। पटना उच्च न्यायालय ने जलभराव और खराब जल निकासी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी में कहा था कि पटना की स्थिति जंगल राज से भी बदतर है।विपक्षी पार्टियों ने जंगल राज को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया, विशेषकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) शासन की आलोचना के लिए। राजद और उनके समर्थक वर्ग इसे सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों की सशक्तिकरण प्रक्रिया का परिणाम बताते हैं, जिसे वर्चस्वशाली वर्ग ने जंगल राज कहकर बदनाम किया है। 1970 से 80 तक बिहार में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल का दौर था। भूमि-संघर्ष, जातीय हिंसा, और आर्थिक असमानता ने कई आपराधिक समूहों को जन्म दिया। 1990 के बाद से सामाजिक न्याय की राजनीति के उदय के साथ, पिछड़े और दलित वर्ग सत्ता में आए, परंतु इसी दौर में अपराधी-राजनीति गठजोड़ मजबूत हुआ। बिहार की राजनीति में अपराध, जाति और सत्ता का त्रिकोण लंबे समय से निर्णायक भूमिका निभाता आया है।बिहार में राजनीति और अपराध के बीच की रेखा धीरे-धीरे धुंधली होती गई। 'बाहुबली' उम्मीदवारों ने जातीय समर्थन और धनबल के बल पर चुनाव जीतने की रणनीति अपनाई।बिहार की राजनीति में अपराध और 'जंगल राज' की अवधारणा केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, वर्ग संघर्ष और राजनीतिक वैचारिकता की जटिल कहानी है। भविष्य के लिए चुनौती यही है कि सामाजिक न्याय के साथ सुशासन और सुरक्षा का संतुलन कायम किया जाए, ताकि लोकतंत्र की साख और जनता का विश्वास दोनों मजबूत बने रहें।बिहार में सामाजिक न्याय की राजनीति ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बदल दिया, परंतु शासन-प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी बनी रही। आज के चुनावों में मतदाता केवल जातीय पहचान नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी विचार करने लगे हैं। बिहार की लगभग 60 फिसदी जनसंख्या 35 वर्ष से कम उम्र की है, यानी राज्य की राजनीति में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। आज का युवा सिर्फ जाति या परंपरागत नारे नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, अवसर और सुशासन की ठोस गारंटी चाहता है।बिहार सबसे अधिक गरीबी वाले राज्यों की सूची में सबसे ऊपर है, जहां 33.76 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे है। विधानसभा में पेश किए गये आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 बताता है कि राज्य में बेरोजगारी की स्थिति देश के औसत से अधिक है. इस रिपोर्ट के अनुसार राज्य में बेरोजगारी दर 4.3 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 3.4 प्रतिशत से 0.9 प्रतिशत से अधिक है।बिहार देशभर में पलायन करने वाले मजदूरों वाला राज्य में अग्रणी है।

बिहार चुनाव के केंद्र में इस बार फिर रोजगार का मुद्दा है और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इसे अपने अभियान की धुरी बना दिया है। सरकारी नौकरी का वादा उनकी राजनीति की पहचान बन चुका है, जो सीधे राज्य के युवाओं की भावनाओं से जुड़ा है। सवाल है कि क्या यह वादा इस बार जनता के विश्वास में बदलेगा

बिहार के वर्तमान चुनाव में तेजस्वी यादव ने एक बार फिर युवाओं को साधने के लिए सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। यह मुद्दा बिहार की राजनीति में न केवल भावनात्मक बल्कि अत्यधिक व्यावहारिक महत्व भी रखता है।हर साल लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सालों खर्च करते हैं लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया लंबी और भ्रष्टाचार ग्रस्ति मानी जाती है।पिछले वर्षों में कई भर्तियां अटकी रहीं या न्यायालय में चली गईं। ऐसे माहौल में नौकरी का वादा सीधे युवाओं की भावनाओं से जुड़ता है। 2020 विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ने 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, जिसने युवाओं में भारी उत्साह पैदा किया। 2025 के चुनाव में उन्होंने फिर से रोजगार को मुख्य एजेंडा बनाया है।

**चुनाव आयोग और उसके निर्देश को अमल लानेवाले तंत्र पर सवाल उठना जरुरी है। कारण जब चुनाव के पूर्व प्रशासन लाइसेंसी हथियार जमा करवा देता है तो पचास गाड़ियों के काफिले के साथ हथियार लेकर चुनाव में कैसे घूम रहे थे।चार बार विधायक रहे अनंत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं। बिहार विधानसभा 2025 चुनाव से ठीक पहले मोकामा और अन्य क्षेत्रों में उठे कानून–व्यवस्था के मुद्दों पर किरकिरी के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने स्पष्ट रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जो भी अपराध या उपद्रवी गतिविधियां होंगी, उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी।मोकामा हत्याकांड और अन्य मामलों में दर्ज विभिन्न कांडों के आधार पर अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार को इनमें जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की छापामारी और गिरफ्तारियां जारी रहेंगी। विनय कुमार ने कहा, जो घटना की प्रथम दृष्या जानकारी मिली, उसी आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। चुनाव आयोग की तरफ से भी पूरी पैनी नजर रखी जा रही है। जो अधिकारी लापरवाह पाए गए हैं, उनके खिलाफ निलंबन और स्थानांतरण की कार्रवाई की गई है।**

# मोकामा:गैंगस्टर बनाम गैंगस्टर की लड़ाई

**नरेंद्र मोदी बिहार में लालू–राबड़ी के जंगल राज की यादें ताजा करते हुए घूम रहे हैं, वहीं मोकामा में एनडीए के बैनरों पर उनकी तस्वीर एक अप्रत्याशित साथी के साथ दिखाई दे रही है।प्रधानमंत्री के चेहरे पर काले चश्मे के पीछे छिपा सख्त, मूंछों वाला चेहरा डॉन से राजनेता बने अनंत सिंह का है। वे पटना से 90 किलोमीटर पूर्व में स्थित उस निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार हैं, जहाँ हाल ही में एक प्रमुख प्रचारक और पूर्व गैंगस्टर की दुलारचंद यादव की नृशंस हत्या हुई है। काफी हो हंगामे के बाद अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। कारण महागठबंधन की ओर से बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग के साथ साथ सत्तारूढ़ दल को निशाने पर लिया।**

**कुमार कृष्णन**





चुनाव आयोग, राज्य सरकार और बिहार पुलिस किसी भी उपद्रवी तत्व को बख्शने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने कहा, जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जो भी कानून को हाथ में लेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। युवा भावावेश में आकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हों, वरना उनका भविष्य बर्बाद हो सकता है। विनय कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी शांतिपूर्ण और बुद्धि-विवेक के साथ मतदान करें। किसी भी तरह का हस्तक्षेप कानून के दायरे में आएगा और कार्रवाई की जाएगी।

पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया।

दो वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा पाए अपराधी को अपनी सजा पूरी करने के बाद अगले छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है।

चार बार विधायक रहे अनंत का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं। पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया।

मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है।।

मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर शनिवार को जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है।

मोकामा में अनंत के प्रचार कार्यालय में बैठे कन्हैया कुमार ने कहा, आप जैसे लोगों के लिए वह एक गैंगस्टर हो सकता है, लेकिन हमारे लिए वह हमारा रक्षक है।

उन्होंने कहा, ''सूरजभान और उसके गिरोह द्वारा वर्षों तक फैलाई गई हिंसा के बाद उन्होंने यहां शांति सुनिश्चित की।''

कुमार ने बताया कि 2000 के दशक के प्रारंभ में उन्होंने गिरोह हिंसा में अपने परिवार के तीन सदस्यों को खो दिया था।

राजनीति और गैंगलैंड अर्थव्यवस्था दोनों में अनंत के लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी सूरजभान सिंह एक और डॉन से राजनेता बने हैं।हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक ने अब अपनी पत्नी वीणा देवी के लिए राजद का टिकट हासिल कर लिया है, जो अनंत के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं, जिससे मोकामा में मुकाबला एक उच्च-दांव वाली गैंगस्टर बनाम गैंगस्टर लड़ाई में बदल गया है।

अनंत और सूरजभान दोनों ही प्रभावशाली भूमिहार जाति से हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने पार्टी में नामांकन और संरक्षण प्राप्त करने के लिए राजनीतिक निष्ठाएं बदली हैं।अनंत ने 2005 और 2010 में जदयू उम्मीदवार के रूप में, 2015 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में और 2020 में राजद उम्मीदवार के रूप में मोकामा सीट जीती थी, लेकिन बाद में उन्हें दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद के टिकट पर उपचुनाव जीता। विडंबना यह है कि अनंत अब राजद के प्रतिद्वंद्वी जदयू का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सूरजभान ने 2000 में निर्दलीय के रूप में सीट जीती और बाद में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर बलिया से सांसद बने।मोकामा का औद्योगिक क्षेत्र, जो बरौनी रिफाइनरी, बरौनी थर्मल पावर स्टेशन, ग्रेफाइट इंडिया और अब बंद हो चुकी भारत वैगन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड जैसी फैक्ट्रियों से भरा हुआ है, लंबे समय से इस क्षेत्र के राजनीतिक-आपराधिक गठजोड़ का आर्थिक आधार रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ये गिरोह 1990 के दशक और 2000 के दशक के आरंभ में, प्रसिद्ध लालू-राबड़ी ÷जंगल राज÷ के दौरान, अपहरण और जबरन वसूली करते हुए आकर्षक सरकारी और औद्योगिक ठेकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे।

मोकामा रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान चलाने वाले सुशील कुशवाहा ने कहा, हाल के वर्षों में गैंगवार में कमी आई है।कई विकास परियोजनाएं आने से दोनों पक्षों को ठेका मिल रहे हैं - अब झगड़ा कम हो गया है।

यह असहज शांति गुरुवार को तब भंग हो गई जब मोकामा में इस चुनावी मौसम में पहली हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हत्या दर्ज की गई।

75 वर्षीय दुलार चंद यादव, जो डॉन से सामाजिक कार्यकर्ता बने थे और जिन्होंने 1990 के दशक में राजद के संरक्षण में इस क्षेत्र को आतंकित किया था, की उस समय हत्या कर दी गई जब वे प्रशांत किशोर की नई पार्टी जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रियदर्शी पीयूष के लिए वोट मांग रहे थे।एफआईआर के अनुसार, यादव के पैर में गोली मारी गई और फिर थार के पहिये के नीचे कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। एफआईआर में अनंत और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। अनंत के गुर्गों ने पीयूष के खिलाफ जवाबी एफआईआर दर्ज कराई है, जो अब छिप गया है। हालांकि, पत्रकारों से बात करते हुए अनंत ने सूरजभान पर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस के मुताबिक, यादव के काफिले की मुलाक़ात अनंत के काफिले से ताल इलाके में हुई ङ्क जो मोकामा की पहचान है। इसके तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई।

अनंत ने पत्रकारों से कहा, मैं अपना अभियान चला रहा था जब सूरजभान के आदमियों ने मेरे पीछे वाली गाड़ियों पर हमला किया। मेरा इस हत्या से कोई लेना-देना नहीं है। यह अपराध सूरजभान के इशारे पर किया गया था।

शुक्रवार को फिर से हिंसा भड़क उठी, यादव के अंतिम संस्कार के दौरान गोलीबारी हुई।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ लोग चिल्लाते हुए दिख रहे हैं कि अनंत सिंह के लोगों ने गोलियां चलाई। किसी की मौत तो नहीं हुई, लेकिन मतदान से एक हफ़्ते से भी कम समय पहले मतदाताओं में डर का माहौल है।चुनाव आयोग ने शनिवार को यादव की हत्या के मामले में एक पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया और एक रिटर्निंग ऑफिसर तथा एक अन्य पुलिसकर्मी का तबादला कर दिया। उप-मंडल पुलिस अधिकारी (बाढ़ 2) अभिषेक सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि मोकामा के रिटर्निंग ऑफिसर चंदन कुमार और एसडीपीओ (बाढ़ 1) राकेश कुमार का तबादला कर दिया गया है।

चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से पटना ग्रामीण के एसपी विक्रम सिहाग की जगह लेने वाले अधिकारियों की सूची भी मांगी है। इससे पहले, जिले के तीन कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी चुनाव संबंधी झड़पों को रोकने में विफल रहने के कारण निलंबित कर दिया गया था।

बिहार के चुनाव अभियान में तमाम पवित्र बयानबाजी के बावजूद - जैसे कि नौकरियों, विकास और शांति के वादे - मोकामा एक पुरानी पटकथा में फंसा हुआ है, जहां अभी भी बाहुबल ही मतपत्र को निर्धारित करता है।भाजपा की चुनावी मशीनरी अतीत, वर्तमान या भविष्य की सभी हिंसाओं के लिए राजद को दोषी ठहराती है।

खराब मौसम के कारण उड़ान भरने में असमर्थ होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गोपालगंज में एक चुनावी रैली में कहा, तेजस्वी यादव, जो बिहार को नंबर एक (राज्य) बनाने की बात करते हैं, इसे हत्या, फिरौती, लूटपाट और अपहरण में नंबर एक बनाना चाहते हैं, जैसा कि जंगल राज के दौरान था। इधर मोकामा की सभा में तेजस्वी यादव ने कहा - मैं केंद्रीय मंत्री अमित शाह को बताना चाहता हूं कि मैं डरा हुआ नहीं हूं। मैं एक बिहारी लड़का हूं और 'एक बिहारी, सब पर भारी' है। आपको यह हमेशा याद रखना चाहिए। मैं लालू यादव का बेटा हूं, मैं डरा हुआ नहीं हूं। मैं कभी भी पीएम मोदी और अमित शाह से नहीं डर सकता हूं। सरकार बदलने वाली है, बिहार बदलने वाला है। उन्होंने कहा कि एनडीए को 20 साल मिले, वे जो 20 साल में नहीं कर पाए, हम उसे 20 महीने में कर देंगे। मेरी लड़ाई गरीबी, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ है। इसलिए जनता से तेजस्वी सिर्फ 20 महीने मांग रहा है।

# जो बोएगा वही पाएगा,तेरा किया आगे आएगा,सुख-दुख है या, फल कर्मों का जैसी करनी वैसी भरनी

**वैश्विक स्तरपर मानव जीवन का सबसे बड़ा सत्य यह है कि कर्म के बिना कोई फल नहीं। जो बोएगा वही पाएगा, तेरा किया आगे आएगायह केवल एक कहावत नहीं बल्कि समूचे जीवन का सिद्धांत है।यह वाक्य धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक, चारों स्तरों पर समान रूप से लागू होता है। हर धर्म, हर दर्शन और हर सभ्यता ने किसी न किसी रूप में कर्म के परिणाम को स्वीकार किया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज जब दुनियाँ तेज़ रफ़्तार से आगे बढ़ रही है, तब यह पंक्ति हमें चेतावनी देती है कि हर क्रिया का परिणाम निश्चित है,चाहे वह व्यक्ति का कर्म हो या राष्ट्र की नीतियाँ।**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

साथियों बात अगर हम इस बात को धार्मिक दृष्टिकोण से देखकर समझने की करें तो, ईश्वर न्यायकारी है, पर कर्म निर्णायक हैं, हर धर्म की आत्मा में कर्म का सिद्धांत रचा-बसा है।हिंदू धर्म में कहा गया है,कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनअर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है,फल की चिंता उसे नहीं करनी चाहिए, क्योंकि फल तो उसके कर्मों का ही परिणाम है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्पष्ट किया कि अच्छे कर्म शुभ फल लाते हैं, और अधर्म विनाश का कारण बनता है।बौद्ध धर्म में भी यही सिद्धांत कर्म और कर्मफल के रूप में समझाया गया है,कि प्रत्येक प्राणी अपने कर्मों से ही पुनर्जन्म या मुक्ति प्राप्त करता है।इस्लाम में भी कुरान कहता है कि हर आत्मा अपने कर्मों के बदले जवाबदेह होगी। इसी प्रकार ईसाई धर्म में यह वाक्य मिलता हैएस यू सॉव, सो शेल्ल यू रीप. यानी जो तुम बोओगे, वही काटोगे,इन सब धर्मों का निष्कर्ष यही है कि ईश्वर निष्पक्ष है, परंतु कर्म ही भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। साथियों बात अगर हम इस बात को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश करें तो,कर्म ही आत्मा की यात्रा का साधन, आध्यात्मिकता का उद्देश्य केवल मोक्ष या मुक्ति नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार है। आत्मा शाश्वत है, परंतु उसके अनुभव कर्मों से निर्मित होते हैं।

यदि कोई व्यक्ति प्रेम, सत्य और दया का बीज बोता है, तो उसकी आत्मा शांति और आनंद का फल प्राप्त करती है। परंतु यदि वह घृणा, लोभ और हिंसा का बीज बोता है, तो उसका परिणाम पीड़ा और अशांति के रूप में सामने आता है। आध्यात्मिक दृष्टि से कर्म योग ही जीवन का परम मार्ग है,जब व्यक्ति बिना स्वार्थ, बिना अहंकार, केवल कर्तव्य भावना से कार्य करता है, तब वह ईश्वर के समीप पहुँचता है।आज के युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और असंतोष बढ़ गया है, तब यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है कि मनुष्य का प्रत्येक कर्म उसके भीतर ऊर्जा के रूप में अंकित होता है। वही ऊर्जा भविष्य में सुख या दुख के रूप में उसे लौटती है।

साथियों बात अगर हम इस बात को सामाजिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो, जैसा समाज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा, समाज व्यक्तियों से बनता है, और व्यक्तियों के कर्मों का सम्मिलित प्रभाव ही समाज की दिशा तय करता है।,यदि समाज शिक्षा, समानता, और सेवा का बीज बोता है, तो वह प्रगति, शांति और भाईचारे का फल पाता है।पर यदि समाज जातिवाद, भ्रष्टाचार, हिंसा और असहिष्णुता का बीज बोता है, तो उसका परिणाम अव्यवस्था, गरीबी और विघटन के रूप में प्रकट होता है।भारत जैसे देश में, जहाँ वसुधैव कुटुम्बकम् का आदर्श रहा है, वहां आज भी यह पंक्ति सामाजिक नैतिकता की रीढ़ है।हर नागरिक यदि अपने स्तर पर ईमानदारी, सह-अस्तित्व और सेवा की भावना अपनाए,तो राष्ट्र स्वयं बदल जाएगा सामाजिक विज्ञान कहता है कि सामूहिक कर्म संस्कृति बनाते हैं, और संस्कृति राष्ट्र की पहचान। इसलिए समाज का प्रत्येक कदम आने वाली पीढ़ियों का बीज है,जैसा आज हम बो रहे हैं, वैसा ही कल हमारा समाज पाएगा।

साथियों बातें कर हम इस बात को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने की करें तो,राजनीति में भी कर्मफल का अटल नियम हैं,राजनीति वह मंच है जहाँ राष्ट्र का भाग्य लिखा जाता है। परंतु यहाँ भी कर्म का सिद्धांत उतना ही प्रबल है।जो नेता जनता के विश्वास को तोड़ते हैं, जो सत्ता के लिए झूठ और छल का सहारा लेते हैं,उन्हें इतिहास भुला देता है।राजनीतिक इतिहास साक्षी है कि जिन शासकों ने न्याय, सेवा और जनहित का बीज बोया, वे युगों-युगों तक पूजे गए।महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का बीज बोया, और आज भी उनका नाम मानवता का प्रतीक है। वहीं, जिन तानाशाहों ने अत्याचार और अहंकार का बीज बोया, उन्हें इतिहास ने धूल में मिला दिया। आधुनिक राजनीति में भी कर्म का फल तत्काल या दीर्घकाल में सामने आता है। जो सरकारें जनता के हित में कार्य करती हैं, उन्हें पुनः जनादेश मिलता है; और जो केवल वादों का बीज बोती हैं, वे पराजित होती हैं।इसलिए राजनीति में भी यह सिद्धांत अमर है,तेरा किया आगे आएगा। राजनीतिक नैतिकता और कर्मफल का सन्देश-जब राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन बन जाए, तब कर्मफल सिद्धांत सबसे बड़ा सुधारक सिद्ध होता है।राजनेता, जो आज झूठे वादे बोते हैं, उन्हें कल जनता की नाराज़गी का फल मिलता है।जो नेता सेवा और समर्पण बोते हैं, उन्हें इतिहास सम्मान देता है।भारत, अमेरिका, जापान, दक्षिण अफ्रीका या ब्रिटेन,हर लोकतंत्र में यह नियम समान रूप से लागू है कि जनता वही पाती है, जो उसने चुना है; और नेता वही पाते हैं, जो उन्होंने बोया है।

साथियों बात अगर हम कर्म, भाग्य और विज्ञान ऊर्जा के परिपेक्ष में के संरक्षण का सिद्धांत को समझने की करें तो

यह सिद्धांत केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य है।भौतिकी काएनर्जी कंसर्वेशन लॉ कहता है कि ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, केवल रूप बदलती है।ठीक वैसे ही मनुष्य के कर्म भी ऊर्जा के रूप में ब्रह्मांड में अंकित रहते हैं। जबव्यक्ति कोई अच्छा या बुरा कार्य करता है, तो उसकी ऊर्जा लौटकर उसी के जीवन में किसी रूप में प्रभाव डालती है।आधुनिक मनोविज्ञान भी मानता है कि व्यक्ति का व्यवहारिक कर्म उसकी मानसिक स्थिति का दर्पण होता है।जो व्यक्ति नकारात्मक कर्म करता है, वह भीतर से अशांत रहता है। जो व्यक्ति सकारात्मक कर्म करता है, उसके चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष झलकता है।बहुत से लोग अपने जीवन की कठिनाइयों को भाग्य या किस्मत पर डाल देते हैं। परंतु वास्तव में भाग्य भी पूर्व कर्मों का परिणाम है।गीता में कहा गया है कि कर्म बीज है और भाग्य उसका फल। यदि कोई व्यक्ति आलस्य, अज्ञान या भय का बीज बोता है, तो उसका भाग्य उसी के अनुसार फल देता है।कर्मशील व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं गढ़ता है। राष्ट्र भी यही सिद्धांत अपनाते हैं, जिन्होंने परिश्रम, अनुशासन और नवाचार का बीज बोया, वे विश्व में अग्रणी बने; जिन्होंने लापरवाही, भ्रष्टाचार और विभाजन का बीज बोया, वे पिछड़ गए। साथियों बात अगर हम इस बात को वैश्विक स्तर पर आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो वैश्विक स्तर पर कर्म का प्रभाव- आज विश्व एक ग्लोबल विलेज बन चुका है। एक देश के कर्म दूसरे देश को भयंकर प्रभावित करते हैं।जलवायु परिवर्तन का भयंकर युद्ध,आतंकवाद या शांति,सब किसी न किसी राष्ट्र या समूह के कर्मों का परिणाम हैं।जो देश पर्यावरण की अनदेखी करते हैं,वेप्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं।जो राष्ट्र शांति और सहयोग की नीति अपनाते हैं, वे स्थिरता और समृद्धि का फल पाते हैं।इस प्रकार जैसी करनी वैसी भरनी केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समाज का नियम बन चुका है।मानवता के स्तरपर,कर्म का सार्वभौमिक संदेश-कर्म का यह सिद्धांत मानवता के लिए सबसे बड़ा नैतिक मार्गदर्शन है। यह कहता है कि हर मनुष्य अपने कर्मों से ही ईश्वर का प्रतिनिधि बन सकता है।

# विजन 2047 की ओर सशक्त कदम, छत्तीसगढ़ टेक स्टार्ट 2025 ने खोले नवाचार के नए द्वार

## छीसगढ़ के युवा नवाचार से रच रहे तकनीकी भविष्य- मुयमंत्री ने किया आइडियाथॉन विजेताओं का समान

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज नया रायपुर स्थित मेफेयर होटल में आयोजित 'छत्तीसगढ़ टेक स्टार्ट' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'टेक स्टार्ट' का यह आयोजन राज्य में नवाचार और तकनीकी उद्यमिता को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर उन्होंने 'आइडियाथॉन 2025' के विजेताओं को सम्मानित किया और छत्तीसगढ़ शासन के साथ पार्टनरशिप एक्सचेंज करने वाली इकाइयों को एग्रीमेंट पत्र सौंपे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्यमियों एवं प्रबुद्धजनों को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे विजनरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। उनके 'विकसित भारत' के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक 'विकसित छत्तीसगढ़' का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत में लाखों स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें से अनेक यूनिकॉर्न बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी युवाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथैरेपिस्ट हैं, वहीं स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल नया रायपुर एयरो शो में फाइटर प्लेन उड़ाकर राज्य का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और सिंगल विंडो सिस्टम को सशक्त करते हुए 350 से अधिक सुधार किए हैं, जिससे छत्तीसगढ़ निवेश के लिए देश के सबसे आकर्षक राज्यों में शामिल हो गया है। औद्योगिक विकास के साथ-साथ आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी राज्य तीव्र गति से प्रगति कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में आयोजित 'आइडियाथॉन 2025' में प्रदेशभर से 1800 से अधिक स्टार्टअप आइडिया प्राप्त हुए, जिनमें दूरस्थ अंचलों के युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन नवाचारों को मंच, मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि रायपुर को आईटी और तकनीकी सेवाओं का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। एआई डेटा सेंटर पार्क और सेमीकंडक्टर प्लांट जैसी परियोजनाएं भी साकार हो रही हैं। साय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक राज्य सरकार को साढ़े सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने राज्य में तीव्र आर्थिक गतिविधियों और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के बढ़ते अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आपके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। अपनी मेहनत और प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर ले जाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी की सफलता ही छत्तीसगढ़ का गौरव बनेगी।

मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि नई औद्योगिक नीति 2024 का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और विजन 2047 के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इस नीति में नवाचार, निवेश, रोजगार और स्टार्टअप के अवसरों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने ई-वेस्ट मैनेजमेंट, राइजिंग सेक्टर और स्किल डेवलपमेंट जैसे उभरते क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता बताई तथा उद्यमियों से अपने सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

## समर्पित माओवादी : वर्दी की जगह अब होटल की यूनिफॉर्म पहन कर करेंगे जिंदगी की नई शुरुआत

### 30 आत्मसमर्पित माओवादी सदस्यों को दिया जा रहा अतिथि सत्कार का प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के माओवादियों ने जब पुनर्वास किया, तब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार ने भी इन समर्पित माओवादियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं, जिसके तहत जगदलपुर के निकट आड़ावाल में लाइवलीहुड कॉलेज में इन 30 आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास कार्ययोजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत गेस्ट सर्विस एसोसिएट का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल न केवल इन पूर्व माओवादी सदस्यों को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि बस्तर के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास भी कर रही है।

**ग्राहक सेवा, सत्कार तक प्रशिक्षण का सफर:** ये सभी 30 पुनर्वासित माओवादी जो कभी घने जंगलों में हिंसा के रास्ते पर थे, आज लाइवलीहुड कॉलेज के कैंपस में ग्राहक संवाद, होटल मैनेजमेंट और सॉफ्ट स्किल्स सीख रहे हैं। करीब 3 महीने के इस कोर्स में उन्हें होटल इंडस्ट्रीज की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, ताकि वे बस्तर के होमस्टे, रिसॉर्ट्स और टूरिस्ट स्पॉट्स में आत्मविश्वास से काम कर सकें।

**दर्द भरे जीवन से आजादी की ओर:** एक पूर्व माओवादी रामू (परिवर्तित नाम) ने भावुक होकर कहा कि बस्तर के जंगल में हिंसा की जिंदगी ने सिर्फ दर्द दिया, अब लाइवलीहुड कॉलेज में सीखकर लगता है, असली आजादी यहीं है। अब स्वयं मेहनत कर घर-परिवार को खुशहाल बनाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अमल से अब तक हजारों युवा सशक्त हो चुके हैं। बीजापुर जैसे संवेदनशील इलाकों में सरकार की पुनर्वास नीति सुनहरा मॉडल साबित हो रहा है। नक्सल मुक्त बस्तर की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा, यहां हिंसा की जगह विकास और रोजगार की नई कहानी लिखी जाएगी। उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी संवेदनशील पुनर्वास नीति का यह असर है कि मुख्यधारा में युवा लौट रहे हैं और शासन द्वारा इन पुनर्वासित युवाओं को रोजगार और कौशल सीखा कर इन्हें समाज के साथ पुनः जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बस्तर अपने प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है ऐसे में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में युवा जुड़कर रोजगार पा सकते हैं और अपनी जीवन संवार सकते हैं द्य इससे बस्तर पर्यटन को भी नया आयाम प्राप्त होगा, पर्यटक बस्तर के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित होंगे।

## घुमंतू पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने एक माह तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सड़कों पर घुमंतू व आवारा पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने सभी नगरीय निकायों को एक माह तक विशेष अभियान चलाने तथा टोल-फ्री नम्बरों 1033 व निदान-1100 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मंत्रालय से सभी जिलों के कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर परिवहन विभाग के एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के अनुसार कार्यवाही करने और खुले में पशुओं को नहीं छोड़ने के लिए पशु मालिकों को जागरूक करने को कहा है।

परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा और घुमंतू पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसमें सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने, निगरानी दलों के गठन, घुमंतू पशुओं के प्रबंधन, पुनर्वास, दुर्घटना प्रबंधन, आपात सेवाओं, पशु मालिकों को जागरूक करने इत्यादि के संबंध में विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिवहन विभाग के एसओपी के अनुसार सभी नगरीय निकायों को उच्च जोखिम क्षेत्र (High Risk Area) एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र (Moderate Risk Zone) की मैपिंग कर आवारा पशुओं को काउ-कैचर के माध्यम से गौ-शालाओं, गौ-अभ्यारण्यों, कांजी हाउसों और गौठानों में विस्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

## युवाओं के आकर्षण का केन्द्र बना डिजिटल प्रदर्शनी

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर नवा रायपुर के राज्योत्सव मैदान में जनसंपर्क विभाग की डिजिटल प्रदर्शनी युवाओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी है। यह प्रदर्शनी राज्य की निर्माण यात्रा, संघर्ष, उपलब्धियों और विकास की कहानी को नए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ब्या कर रही है।



राज्योत्सव के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने बहुत कम समय में हर क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई है।

इस प्रदर्शनी में राज्य के 25 वर्षों की उपलब्धियाँ, प्रधानमंत्री श्री मोदी के 11 सालों की विकास यात्रा, और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाएँ एक साथ दिखाई गई हैं। आधुनिक साउंड और लाइट इफेक्ट्स के साथ तैयार यह प्रदर्शनी लोगों के लिए ज्ञानवर्धक और रोचक बन गई है।

प्रदर्शनी में हर गांव का विकास, हर घर को आवास, हर युवा को अवसर, हर नारी को सम्मान और हर जीवन को सुरक्षा जैसे विषयों को प्रमुखता से दिखाया गया है। इसके साथ एस.एम.ई. इकाइयों की स्थापना, पारदर्शी शासन व्यवस्था और भुइंया अभिलेख योजना जैसी पहलू को प्रदर्शित की गई हैं, जो राज्य के बदलते स्वरूप को दिखाती हैं। प्रदर्शनी में सबसे खास आकर्षण है, अंजोर विजन द्य2047, जो राज्य के भविष्य की दिशा को दर्शाता है। इस विजन में बताया गया है कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को एक विकसित, आत्मनिर्भर और आधुनिक राज्य कैसे बनाया जाएगा। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, पर्यावरण और तकनीक जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं की झलक प्रस्तुत की गई है।

अंजोर विजन -2047 के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि आने वाले 20 वर्षों में राज्य न केवल आर्थिक रूप से मजबूत होगा, बल्कि हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य भी पूरा करेगा।

## राज्योत्सव प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने देखा छत्तीसगढ़ का विकास सफर

### युवाओं ने की छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न 2047 की सराहना

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नवा रायपुर अटल नगर में चल रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव-2025 के अंतर्गत राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी, युवाओं और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित हो रही है। प्रदर्शनी में पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। राजधानी के अलावा आसपास के अन्य जिलों के स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।



महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्रा पीयूष यादव, नंदना चौबे और चेतना वर्मा और कई विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत की गई है। ÷छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न 2047÷ को बेहद प्रेरणादायक बताया। अभनपुर आईटीआई के छात्र तरुण, डागेश्वर, राहुल, कुमार साय और गुलशन पटेल ने कहा कि प्रदर्शनी से उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की व्यापक जानकारी मिली है। धमतरी जिले के बटेली बखारा स्थित अधर्व हायर सेकेंडरी स्कूल के गौरव, तुषार, नारायणी और क्षमानिधि ने कहा कि प्रदर्शनी से उन्हें शासन की योजनाओं के जनजीवन पर प्रभाव की समझ मिली।

नारायणा ई-टेक्नो स्कूल मोवा की छात्राएँ शैली चौहान, लावण्या और बिंदु ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी रोचक रूप में मिली। उनको 360 डिग्री इमरसिव डोम काफ़ी अच्छा लगा। विजन इंग्लिश मीडियम स्कूल के अभिषेक, विकेश्वर, दुकेश और टिकेंद्र ने प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक और आकर्षक बताया तथा कहा कि इस तरह की पहल से विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी सरलता से मिलती है।

## मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्रों में विकास कार्य करें

### राज्यपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर के आकांक्षी विकासखण्डों की समीक्षा बैठक ली

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के आकांक्षी विकासखण्डों में चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय संवेदना के साथ आकांक्षी क्षेत्र में तेजी से समन्वित विकास के लिए निर्देशित किया है। बैठक में राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की दिशा में विशेष पहल करें और इसमें तेजी से प्रगति लायें। टीबी उन्मूलन के कार्य को गति देने, स्कूलों से ड्राप आउट बच्चों पर विशेष ध्यान देने, आजीविका के लिए स्व-सहायता समूहों को मजबूत करने और उन्हें रोजगार कार्यो से जोड़ने के लिए कहा गया है। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, आकांक्षी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड अधिकारी उपस्थित थे।



राज्यपाल डेका ने बस्तर जिले के तोकापाल, बीजापुर जिले के उसूर, दंतेवाड़ा जिले के कुवाकोंडा, कोण्डागांव जिले के माकड़ी, नारायपुर जिले के ओरछा, सुकमा जिले के कोंटा और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा एवं दुर्गकोंदल आकांक्षी विकासखण्डों में किए जा रहे समन्वित विकास कार्यो एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। राज्यपाल ने इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और इसके लिए जनजागरूकता की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और इसका सक्रिय उपयोग लेने कहा है। बच्चों के सुपोषण, पशु टीकाकरण पर ध्यान देने कहा गया है। स्कूलों मं। बच्चों के आंख एवं कान की नियमित जांच कराने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में तेजी से आवास के निर्माण के लिए सामाग्री का भंडारण समन्वय के साथ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अधिकारियों को दिसंबर माह तक कार्य में प्रगति लाकर प्रगति रिपोर्ट देने कहा गया है।

## छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्षों की सफलता की कहानी

### वनोपज, जल संरक्षण और ईको टूरिज्म से बढ़ी समृद्धि

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ ने अपने 25 साल के सफर में विकास, पर्यावरण संरक्षण और लोगों की आजीविका के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस सफर ने राज्य के ग्रामीण और वन क्षेत्रों के जीवन में खुशहाली और बदलाव लाया है।



राज्य की सबसे बड़ी सफलता लघु वनोपज के क्षेत्र में मिली है। वर्ष 2000 में तेंदूपत्ता का मानक बोरा मूल्य जहाँ मात्र 400 रुपये था, वहीं अब यह बढ़कर 5,500 रुपये हो गया है। पहले जहाँ केवल 7 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीद समर्थन मूल्य पर होती थी, अब यह संख्या बढ़कर 67 हो गई है। इससे वनवासियों की आय और आर्थिक सुरक्षा में काफी बढ़ोतरी हुई है।

स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को वनोपज संग्रहण से मिली नियमित रोजगार

वन धन विकास योजना ने इस दिशा में नई ऊर्जा दी है। इस योजना के तहत 190 स्व-सहायता समूहों की 2364 महिलाओं को वनोपज संग्रहण और प्रसंस्करण से नियमित रोजगार मिला है। अब तक संग्राहकों को 190 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से दी गई है। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है। आजीविका के साथ-साथ जल संरक्षण और ईको टूरिज्म (पर्यावरण पर्यटन) ने भी विकास को नई दिशा दी है। नरवा उपचार योजना के तहत राज्य में अब तक 7 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएँ बनाई गई हैं, जिससे लगभग 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुधार हुआ है। इन कार्यों से 40 करोड़ रुपये से अधिक का रोजगार सृजन हुआ और भूजल स्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इससे किसानों की खेती अधिक उत्पादक बनी है।

आईएसएफआर 2023 रिपोर्ट के अनुसार, इन प्रयासों से मृदा नमी और वन घनत्व दोनों में सुधार दर्ज किया गया है। साथ ही, ईको टूरिज्म को भी राज्य में रोजगार का नया माध्यम बनाया गया है। प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के पास नेचर ट्रेल, मिनी गोवा और खुर्साकोटा जैसे कई पर्यटक स्थलों का विकास किया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं और क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बांटी खुशियों की चाबी

### श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** बिलासपुर में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को चेक और सहायता सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाएँ आमजन को आत्मनिर्भर बनाने और समाज के अंतिम पायदान तक विकास की रोशनी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत हितग्राही तानिया राठौर को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत कुसुम साहू को ई-रिक्शा की चाबी सौंपकर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

श्री तोखन साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कदम उठा रही हैं। श्रम विभाग की योजनाएँ श्रमिक परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सेतु का कार्य कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, श्रमिक हितग्राही एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध - छत्तीसगढ़ का आदर्श मॉडल

### बुज़ुर्ग - संस्कृति, अनुभव और मूल्यों के स्तंभ

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** भारतीय संस्कृति के केंद्र में हमारे बुजुर्ग हैं - जिनके अनुभव समाज को दिशा देते हैं और जिनकी स्मृतियाँ हमारी सभ्यता की नींव हैं, लेकिन बदलते सामाजिक परिदृश्य में पारिवारिक संरचना और सामाजिक दायरे सिमटने लगे हैं। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और गरिमामय जीवन सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता बन जाता है। इसी भावना को साकार करती है - छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशील नीतियाँ और सशक्त क्रियान्वयन।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठजनों के सम्मान को शासन प्रणाली में प्रमुख स्थान दिया है। उनका मानना है ÷माता-पिता की पूजा ही ईश्वर की पूजा है।÷ इसी सोच के साथ राज्य में ऐसे प्रकल्पों का विस्तार हो रहा है जो बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाते हैं। एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिक वृद्धाश्रम स्थापित करने तथा असहाय बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए रायपुर में उपकरण सर्विस सेंटर खोलने की घोषणा की। इसी के साथ राज्य में ÷सियान गुड़ी÷ जैसे सामाजिक-आध्यात्मिक केंद्रों का विस्तार बुजुर्गों को मानसिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सहारा प्रदान कर रहा है।

छत्तीसगढ़ की समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने वृद्धजन केंद्रित कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उनका कहना है ÷संवेदनशील शासन का अर्थ है, हर बुजुर्ग तक सेवा और सुरक्षा पहुँचाना।÷



राज्य में 35 वृद्धाश्रम सक्रिय रूप से संचालित हैं, जहाँ लगभग 1049 वरिष्ठ नागरिक भोजन, आवास, स्वास्थ्य, परामर्श और मनोरंजन की सुविधाएँ प्राप्त कर रहे हैं। गंभीर रोगों या असहाय स्थिति में रह रहे बुजुर्गों के लिए रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, रायगढ़, बालोद और बेमेतरा इन 6 जिलों में प्रशामक देखभाल गृह संचालित किए जा रहे हैं, जहाँ 128 वरिष्ठजनों को निःशुल्क उपचार, दवाइयाँ और नियमित स्वास्थ्य देखभाल मिल रहा है। वरिष्ठजनों की समस्याओं के निवारण हेतु स्थापित हेल्पलाइन सेवा द्वारा अब तक 2 लाख 70 हजार से अधिक प्रकरणों का समाधान किया जा चुका है। यह सेवा न केवल उनकी पहुँच बढ़ाती है, बल्कि आत्मविश्वास और सुरक्षा बोध भी जगाती है।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम - 2007 का राज्य में सख्ती से पालन किया जा रहा है। अनुविभाग स्तर पर - भरण-पोषण अधिकरण, जिला स्तर पर - अपीलीय अधिकरण इन व्यवस्थाओं ने बुजुर्गों को संपत्ति, सुरक्षा और भरण-पोषण से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को नियमित पेंशन सहायता प्रदान की जा रही है 60 से 79 वर्ष तक की आयु के बुजुर्गों को 500 रुपए प्रति माह और 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों को 650 रुपए प्रति माह सहायता राशि दी जा रही है। वर्तमान में 14 लाख से अधिक बुजुर्ग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। यह सहायता उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा का आधार बनती है।

राज्य सरकार की योजनाएँ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के अधिकार को सुदृढ़ कर रही हैं। आयुष्मान भारत और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजनाओं के तहत 8 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क उपचार मिला है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत 50 हजार से अधिक बुजुर्गों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, छड़ी, चश्मा जैसे उपकरण प्रदान किए गए हैं।

# रुखसार बनी वंशिका, हिंदू युवक से की शादी : बोली- सनातन धर्म में सम्मान, बचपन से बिंदी लगाती हूं, मां इसका विरोध करती थी



**खंडवा, एजेसी।** धार की रुखसार ने हिंदू युवक से लव मैरिज की और सनातन धर्म अपना लिया। रुखसार ने अपना नाम बदलकर वंशिका रख लिया है। साथ ही श्री रामचरितमानस को अपने जीवन में धारण करने और उसके अनुसार जीने का भी संकल्प लिया है। धार के धरमपुरी की रहने वाली वंशिका ने मंगलवार को खंडवा के उंडेल गांव निवासी विशाल राजपूत से महादेवगढ़ मंदिर में वैदिक रीति-रिवाज से शादी की। वंशिका ने बताया, सनातन धर्म में मेरी रुचि बचपन से ही थी। घर में बिंदी लगाती और साड़ी पहनती थी। नवरात्रि में माता जी के दर्शन करने भी जाती थी।

**27 नवंबर को होना था निकाह:** 27 नवंबर को जब वंशिका के घरवालों ने सनातन धर्म उसकी बढ़ती रुचि को देखकर निकाह तय कर दिया। वंशिका ने बताया, मैंने निकाह करने से साफ इनकार कर दिया था। मुझे हिंदू धर्म में शादी करना थी, इस धर्म और जाति के लोग महिला का सम्मान करते हैं, उसे देवी मानते हैं।

जब परिवार वाले नहीं माने तो सोशल मीडिया दोस्त विशाल राजपूत (खंडवा) से शादी करने का फैसला किया। मैंने बिना किसी डर और दबाव के सनातन धर्म अपनाया है। अब पति के साथ रहूंगी, उनके परिवार को मुझसे कोई परेशानी नहीं है। विशाल का परिवार खेती-किसानी करता है। विशाल भी किसान है। उसका कहना है, मैंने रुखसार से शादी की है। उसने शादी के लिए सनातन धर्म अपनाया है।

**हरिहर मिलन दिवस पर संपन्न हुआ विवाह :** वंशिका और विशाल का विवाह हरिहर मिलन दिवस के अवसर पर महादेवगढ़ में संपन्न हुआ। शादी में हिंदूवादी नेता अशोक पालीवाल शामिल हुए। पालीवाल का कहना है कि इस्लाम में पहले तलवार की नोंक पर धर्मांतरण होते थे, लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं होता है। लड़की ने खुद इच्छा जाहिर की और हिंदू लड़के से विवाह किया।

## दूध व्यवसायी को चाकू मारने वाला एक आरोपी अरेस्ट-पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस



**रतलाम, एजेसी।** रतलाम में बाइक टकराने के विवाद में दूध व्यवसायी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार रात हुई इस वारदात के मुख्य आरोपी मयूर माली को पुलिस ने करमदी तालाब के पास से दबिश देकर पकड़ा। पुलिस ने घटना स्थल की तस्दीक के लिए आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पैदल जुलूस के रूप में घटनास्थल तक लेकर गई। एक अन्य आरोपी मोहित माली की तलाश जारी है। रविवार रात धबाईजी का वास निवासी प्रदीप (21) पिता मुकेश गुर्जर दूध की केन लेकर बाइक से हरमाला रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक मोहित पिता गेंदालाल माली की बाइक से टकरा गई। बाइक टकराने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसे आसपास के लोगों ने शांत करा दिया। इसके बाद प्रदीप वहां से निकल गया।

**मालीकुआं में रोका और किए 3 वार :** बाद में मोहित व उसके एक अन्य साथी ने बाइक से प्रदीप का पीछा किया। जब प्रदीप मालीकुआं में पानी की टंकी के पास पहुंचा तो मोहित व उसके साथी ने उसे रोका। वहां मोहित ने चाकू निकाला और हमला करते हुए तीन वार कर दिए। प्रदीप के बांयी पसली व पीठ पर दो गहरे घाव हुए हैं। थाना माणकचौक ने प्राणघातक हमले का केस दर्ज किया था।

**करमदी तालाब से पकड़ाया मुख्य आरोपी :** एसपी अमित कुमार ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई थी। थाना माणकचौक पुलिस ने दो आरोपी में से मुख्य आरोपी मयूर (34) पिता दयाराम माली (निवासी माली धर्मशाला के पास मालीकुआं, रतलाम) को ग्राम करमदी तालाब के पास से दबिश देकर पकड़ा। एक अन्य आरोपी मोहित पिता गेंदालाल निवासी मालीकुआं की तलाश पुलिस कर रही है। माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे ने बताया कि दूसरे आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## कटनी को मिली 576 मीट्रिक टन यूरिया खाद-रबी फसलों के लिए झुकेही रैक प्वाइंट पर पहुंची खेप



**कटनी, एजेसी।** कटनी जिले के लिए रबी फसलों हेतु 576 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद की एक रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर पहुंची। इस खेप से जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। झुकेही रैक प्वाइंट से यूरिया का परिवहन कर जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उर्वरक वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की हिदायत दी है, ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से प्राप्त नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केंद्र, बहोरीबंद डबल लॉक केंद्र और स्लीमनाबाद डबल लॉक केंद्र को 60-60 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कटनी को 146 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी क्रम में, सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 25-25 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी, जिससे किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## धोखाधड़ी से नौकरी हासिल करने वाले शिक्षक पर गिरी गाज, पोहरी के बलवीर सिंह तोमर बर्खास्त



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** ज़िले के पोहरी विकासखंड में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक बलवीर सिंह तोमर को कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई विस्तृत जाँच के बाद की गई, जिसमें यह सामने आया कि शिक्षक ने अपनी नौकरी हासिल करने के लिए अहम जानकारी छिपाई थी और धोखाधड़ी का सहारा लिया था। बलवीर सिंह तोमर को सबसे पहले वर्ष 2009 में श्योपुर ज़िले में संविदा शाला शिक्षक वर्ग-2 के पद पर नियुक्ति मिली थी और उन्हें 13 अगस्त 2009 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठर्राकलां में तैनात किया गया था। हालाँकि, अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप सिद्ध हुए थे, जिसके चलते 27 दिसंबर 2010 को उनकी सेवाएँ समाप्त कर दी गई थीं। अपनी पहली नौकरी से बर्खास्त होने के कुछ ही समय बाद, यानी 18 जनवरी 2011 को, बलवीर सिंह तोमर ने शिवपुरी ज़िले के पोहरी विकासखंड में संविदा शिक्षक वर्ग-2 के तौर पर दूसरी बार नियुक्ति प्राप्त कर ली। इस दूसरी नियुक्ति के समय, उन्होंने जानबूझकर यह महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया कि उन्हें पूर्व में भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध होने के कारण नौकरी से निकाला जा चुका था। मामले की गहन जाँच के बाद, जब यह पूरी सच्चाई सामने आई, तो कलेक्टर ने बलवीर सिंह तोमर की पोहरी में हुई नियुक्ति को पूरी तरह से अवैधानिक माना और उन्हें नौकरी से बर्खास्त करने का कड़ा आदेश जारी कर दिया।

## शाजापुर में कार-ट्रक टक्कर, कार खंती में गिरी:बाल-बाल बचे इंदौर के तीन यात्री

**शाजापुर, एजेसी।** बुधवार सुबह करीब 9 बजे शाजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर नैनावद घाटी पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इंदौर से आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर जा रही कार अचानक बेकाबू होकर आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे बनी खंती में जा गिरी।

**यात्री सुरक्षित, कार क्षतिग्रस्त :** हादसे में कार में सवार इंदौर निवासी ऋषभ याग्निक, राजेश याग्निक और एक महिला सुरक्षित रहे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही लालघाटी थाने की टीम, जिसमें डायल-112 के पायलट किरण और पुलिसकर्मी मिथुन शामिल थे, तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया।

**स्थानीय लोग बोले- घाटी में तेज गति में अक्सर होते है हादसे :** स्थानीय निवासी कमल ने बताया कि नैनावद घाटी में अक्सर तेज गति के कारण वाहन बेकाबू हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। पुलिस ने सभी से सुरक्षित और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## बनारस की तर्ज पर सागर में मनाई जाएगी देव दीपावली लाखा बंजारा झील के घाटों पर जलेंगे 1.11 लाख दीये



**सागर, एजेसी।** सागर में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को देव दीपावली का उत्सव बनारस की तर्ज पर मनाया जाएगा। आज शाम तीन मढ़िया पर बने स्वच्छता नायक चौक पर दीपक जलाकर देव दिवाली उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद लाखा बंजारा झील के चकराघाट से लेकर गणेशघाट तक बने करीब 500 मीटर के घाट पर 1 लाख 11 हजार 111 दीप जलाए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि निगम द्वारा दीपक उपलब्ध कराने सहित आयोजन की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपने घरों से मिट्टी या आटे के दीपक लाकर इस उत्सव में सहभागी बनने की अपील की है। आयुक्त ने कहा कि गंगा आरती के साथ देव दीपावली का यह आयोजन सागर शहर की नई सांस्कृतिक पहचान बनेगा।

**आयुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा :** निगम आयुक्त ने चकराघाट पहुंच कर सफाई व्यवस्था, दीपश्रृंखला निर्माण, विद्युत सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि झील का यह किनारा वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। बुधवार को झील का यह किनारा हजारों श्रद्धालुओं की भक्ति और लाखों दीपों के प्रकाश से जगमगाएगा।

**क्यों मनाई जाती है देव दीपावली:** हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का संहार किया था। इस विजय से देवताओं ने प्रसन्न होकर दीप जलाकर उत्सव मनाया था। तभी से यह पर्व देव दीपावली के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कहा जाता है कि इस दिन देवता स्वयं पृथ्वी पर आकर गंगा स्नान करते हैं।

## नशे में धुत व्यक्ति ने अस्पताल में कांच तोड़ा, मरीज पर गिरे कांच के टुकड़े; एक पकड़ाया, दूसरा फरार



**छतरपुर, एजेसी।** छतरपुर जिला अस्पताल में मंगलवार को शराब के नशे में धुत दो व्यक्तियों में से एक ने खिड़की का कांच तोड़ दिया। कांच के टुकड़े पास के बिस्तर पर लेटे एक मरीज पर गिरे। अस्पताल के गार्डों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस चौकी को सौंप दिया, जबकि दूसरा व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गौरगांय निवासी अजय राजपूत अपने बड़े भाई भान सिंह राजपूत को देखने अस्पताल आया था, जिनका एक्सीडेंट हो गया था और वे भर्ती थे। अजय अपने एक अन्य साथी के साथ शराब के नशे में था। मरीज को देखने के बाद, एक अज्ञात युवक ने गुस्से में आकर अस्पताल की खिड़की पर हाथ मारा। पहली बार में कांच नहीं टूटा, लेकिन दूसरी बार हाथ मारने पर कांच टूट गया।

टूटा हुआ कांच पास के बिस्तर पर लेटे मरीज कुलदीप ठाकुर पर गिरा। छतरपुर निवासी कुलदीप ठाकुर का दो दिन पहले ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने बताया कि बिस्तर पर कंबल होने के कारण उन्हें गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन उनके पैर में मामूली चोट लगी। घटना के बाद अस्पताल में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल के गार्ड मौके पर पहुंचे और अजय राजपूत को पकड़कर अस्पताल चौकी में सौंप दिया। दूसरा आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। सिटी कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. चौरसिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया।

## बड़वानी के आंवली में खेतों का रास्ता जर्जर, मरम्मत की मांग; किसान बोले-खेतों के लिए पैदल जाने में भी सोचना पड़ रहा



**बड़वानी, एजेसी।** बड़वानी के अंजड़ के पास ग्राम पंचायत आंवली में खेतों तक जाने वाला रास्ता कीचड़ और पानी भरने से किसानों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिससे रबी की बुआई पर भी संकट मंडरा रहा है।

**पूरी तरह दलदल में बदल रास्ता :** ग्राम आंवली और छोटा बड़दा के लगभग 40 से 50 किसानों के लिए खेतों तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग, जो आंवली और संदेवा (विरान) से होकर गुजरता है, पूरी तरह दलदल में बदल गया है। लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर लंबा यह ग्रामीण मार्ग अब आवागमन के योग्य नहीं रहा। यह कच्चा रास्ता सालों से किसानों के लिए मुख्य पहुंच रास्ता रहा है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत और समतलीकरण न होने के कारण यह गड्ढों और कीचड़ से भर गया है। ट्रैक्टर, बाइक और पैदल चलने वालों के लिए भी यह रास्ता जोखिम भरा हो गया है, जहां फिसलकर गिरने और वाहनों के फंसने की घटनाएं आम हैं। किसान बोले-अपने खेतों के लिए पैदल जाने में भी सोचना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है कि बेमौसम बारिश के कारण पानी जमा होने से रास्ते की समस्या और बढ़ गई है, जिससे खेतों तक पहुंचना लगभग नामुमकिन हो गया है। किसान राम सिंह सिसोदिया ने बताया कि क्षेत्र में मुख्य रूप से केला, कपास, गेहूं, देशी चना, डॉलर चना, गन्ना और सब्जियों की खेती की जाती है, और अब किसानों को अपने खेतों तक पैदल जाने में भी सोचना पड़ रहा है।

**15 सालों से शिकायत कर रहे ग्रामीण :** किसानों ने बताया कि यह मार्ग ग्राम पंचायत के अधीन है मरम्मत वर्षों से नहीं हुई है।

## यूरिया से भरी पिकअप तामिया में पलटी, अनियंत्रित हुई तो सड़क पर डेढ़ घंटे तक लगा रहा जाम



**छिंदवाड़ा, एजेसी।** छिंदवाड़ा के तामिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार सुबह करीब 9 बजे नैनो मंदिर कुआं बादला के समीप यूरिया से भरी एक पिकअप (क्रमांक एमपी28जी5269) अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन चालक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारण मुख्य मार्ग पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने पिकअप को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने ड्राइवर को वाहन से निकाला :** हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष जैतवार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे अस्पताल भिजवाया। बताया गया है कि चालक घायल है और उसका इलाज जारी है।

## इस घटना के कारजागरुकता सप्ताह : जीवन के सभी क्षेत्रों में सतर्कता सामूहिक जिम्मेदारी

**नर्मदानगर, एजेसी।** नर्मदानगर 7 इंदिरा सागर पावर स्टेशन में एनएचडीसी द्वारा 27 अक्टूबर से सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसका समापन मंगलवार को हुआ। कॉलोनी के सामुदायिक भवन में आयोजित समापन कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख अजीत कुमार ने सप्ताह के दौरान परियोजना में आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता व्यक्ति के जीवन के सभी क्षेत्रों में है। इसके लिए हम सभी को मिल-जुलकर प्रयास करने होंगे। सतर्कता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में परियोजना लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्षा पिंकी कुमारी, महाप्रबंधक गोपाल खंडेलवाल, महाप्रबंधक एचपी सिंह, समस्त विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे। आभार परियोजना सतर्कता अधिकारी जगनारायण टिकारिया ने माना। क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## कुबेरेश्वर धाम में दीपदान के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु, सीहोर में हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन



**सीहोर, एजेसी।** सीहोर में आज देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा में धाम पर दीपदान किया। आस्था के सैलाब के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही मंदिर से बाहर सड़क तक पहुंच गई थी।

**हरि-हर मिलन के साक्षी बने श्रद्धालु:** इस मौके पर कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं से चर्चा की। पंडित विनय मिश्रा और समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान भगवान शिव और भगवान विष्णु के इस हरि-हर मिलन के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। हरि-हर मिलन की यह परम्परा वैष्णव और शैव संप्रदाय के समन्वय और सौहार्द का प्रतीक है।

**दीपदान के लिए लगी लंबी लाइन:** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर दीपदान किया जा रहा है। देशभर से आने वाले श्रद्धालु सुबह से ही जल, नरियल, दूध, फल और फूल अर्पित करने के लिए लाइन में लगे हुए थे। बाहर से आने वाले श्रद्धालु यहां पर पूजा अर्चना के बाद भगवान को दूध और जल अर्पित कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाते हैं। मंदिर परिसर में भव्य रूप से आतिशबाजी भी की गई।

**महाराणा प्रताप अखाड़े की कलाबाजी, छत्तीसगढ़ से आया बैंड :** विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में आस्था और उत्साह के साथ श्री हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में महाराणा प्रताप अखाड़े के अनु चौहान और आनंद आदि बालिकाओं ने अपनी कलाबाजी दिखाई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के धनु धमाल बैंड-बाजे के साथ पालकी भी निकाली गई।


## झाबुआ में पति ने पत्नी की पिटाई कर नाक काटी



**झाबुआ, एजेसी।** झाबुआ जिले के रानापुर इलाके में मंगलवार शाम चरित्र पर शंका के चलते एक पति ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी के साथ मारपीट की और उसकी नाक काट दी। यह घटना पाड़लवा गांव में हुई, जब दोनों गुजरात के संतरामपुर से मजदूरी कर अपने गांव लौटे थे। विवाद बढ़ने पर पति राकेश (23) ने अपनी पत्नी की नाक काट डाली। घायल महिला को उसका पति खुद उपचार के लिए राणापुर अस्पताल ले गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे झाबुआ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रानापुर थाना प्रभारी दिनेश रावत ने बताया कि आरोपी पति राकेश पिता डोंगर सिंह बिलवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को कटी हुई नाक नहीं मिल सकी। आशंका है कि जानवर उसे खा गए। पीड़िता के भाई दिनेश ने जानकारी दी कि उसे थाने से फोन कर बुलाया गया था। बाद में शाम को राणापुर से झाबुआ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित: कोंस्टास बाहर, लाबुशेन की वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कंगारुओं की टीम में मार्नस लाबुशेन की वापसी हुई है, जबकि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को बाहर रखा गया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज जेक वेदराल्ड 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल नए चेहरे हैं। कमिंस के बाहर रहने की वजह से पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे, जबकि साथी बल्लेबाज ट्रेविस हेड, ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और ब्यू वेबस्टर के शीर्ष छह में शामिल होने की संभावना है।



शेफील्ड शील्ड सीजन में शानदार शुरुआत के बाद लाबुशेन को वापस बुलाया गया है, जबकि उस्मान ख्वाजा के सबसे हालिया सलामी जोड़ीदार कोंस्टास को इस साल की शुरुआत में कैरिबियन में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी टेस्ट अभियान में 3, 5, 25, 0, 17 और 0 के स्कोर के बाद पूरी तरह से बाहर कर दिया गया है।

लाबुशेन और वेदराल्ड दोनों अब ख्वाजा के साथ इंग्लैंड के खिलाफ नई गेंद संभालने की दौड़ में हैं। वेदराल्ड पिछले सीजन की घरेलू शेफील्ड शील्ड प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने मौजूदा सीजन में भी लाल गेंद के खिलाफ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है।

तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डॉगेट और सीन एबॉट को भी 15 खिलाड़ियों में जगह मिली है और वे चोटिल कप्तान कमिंस की अनुपस्थिति में खेलने की दौड़ में हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने एक बयान में कहा, यह टीम हमें अच्छा संतुलन प्रदान करती है, और चुने गए 14 खिलाड़ी शेफील्ड शील्ड के अगले दौर में खेलेंगे, इसलिए जैसे-जैसे हम पहले टेस्ट की शुरुआत के करीब पहुंचेंगे, हम जानकारी जुटाते रहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि कमिंस, जो पर्थ में टीम में शामिल होंगे, सीरीज में बाद में वापसी करेंगे। जोश इंग्लिस को भी एक अन्य बल्लेबाजी विकल्प और नियमित विकेटकीपर एलेक्स कैरी के बैकअप के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

बेली ने बताया कि इंग्लिस भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के शनिवार को समाप्त होने के बाद मंगलवार से वाका मैदान पर क्वींसलैंड के खिलाफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शील्ड मैच में खेलेंगे।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम (केवल पहला टेस्ट) :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड और ब्यू वेबस्टर।



## विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के लिए नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में होगी - सूत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला विश्व कप के सफलतापूर्वक समापन के बाद बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। अगले सीजन के लिए मेगा नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में हो सकती है। आईएएनएस को मिली जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने लीग की सभी पांच फ्रेंचाइजियों को सूचित कर दिया है कि नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में होगी। नीलामी स्थल एरोसिटी का कोई आलीशान होटल हो सकता है। महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की समय सीमा बुधवार तक है। मुंबई इंडियंस, आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स, यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स अपनी रिटेन लिस्ट जल्द जारी कर सकती हैं। महिला विश्व कप की वजह से लिस्ट अब तक नहीं आ सकी है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अधिकतम तीन कैप्ड भारतीय खिलाड़ी, दो विदेशी खिलाड़ी और दो अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति होगी। यदि कोई टीम पांच खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहती है, तो कम से कम एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी होना चाहिए। नीलामी की राशि 15 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

मेगा नीलामी में खिलाड़ियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 नवंबर है, जबकि नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की अंतिम सूची 20 नवंबर को जारी की जाएगी।

रिटेंशन स्लैब को भी परिभाषित किया गया है। खिलाड़ी 1 के लिए 3.5 करोड़ रुपये, खिलाड़ी 2 के लिए 2.5 करोड़ रुपये, खिलाड़ी 3 के लिए 1.75 करोड़ रुपये, खिलाड़ी 4 के लिए 1 करोड़ रुपये और खिलाड़ी 5 के लिए 50 लाख रुपये। राइट टू मैच विकल्प के तहत, फ्रेंचाइजी पिछले सीजन में शामिल खिलाड़ियों को वापस खरीद सकेंगी।

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर पांच खिलाड़ियों के लिए 9.25 करोड़ रुपये, चार के लिए 8.75 करोड़ रुपये, तीन के लिए 7.75 करोड़ रुपये, दो के लिए 6 करोड़ रुपये और एक के लिए 3.5 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। कम खिलाड़ियों को रिटेन करने वाली टीमों के पास आरटीएम के ज्यादा अधिकार होंगे।

## वर्ल्ड कप में देर से शामिल हुई शेफाली वर्मा ने सचिन तेंदुलकर को दिया अपनी सफलता का श्रेय

**नवी मुंबई, एजेंसी।** महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बनी शेफाली वर्मा रविवार को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 52 रनों की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद शब्दहीन रह गईं। उन्होंने अचानक टीम में वापसी की और अपने शानदार प्रदर्शन से भारत को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज को प्रतीका रावल के चोटिल होने के बाद सेमीफाइनल से पहले ही टीम में शामिल किया गया था उन्होंने फ़ाइनल में 78 गेंदों में 87 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम को 298/7 का स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद गेंदबाजी में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया और 2/36 का आंकड़ा दर्ज किया, जिससे प्रोटियाज को लक्ष्य का पीछा करने से रोका जा सका। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वुलफाट ने अपने देश की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया और लगातार दूसरा शतक जड़ा। लेकिन दीप्ति शर्मा के पांच विकेटों ने मैच का रुख पूरी तरह से बदल दिया और मेजबान टीम ने ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद शेफाली वर्मा ने कहा, मैंने शुरुआत में ही कहा था कि भगवान ने मुझे यहां कुछ अच्छा करने के लिए भेजा है, और आज यह सच में हो गया। मुझे बहुत खुशी है कि हम जीत गए और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यह मुश्किल था, लेकिन मुझे खुद पर पूरा विश्वास था कि अगर मैं शांत रहूंगी, तो मैं सब कुछ हासिल कर सकती हूं। मैं बस अपनी टीम को जीत दिलाना चाहती थी। मेरा मन साफ था, और मैंने अपनी योजनाओं पर काम किया। इसलिए, मुझे खुशी है कि मैं उन्हें लागू कर पाई और सभी मेरा समर्थन कर रहे थे। उन्होंने (सीनियर खिलाड़ियों ने) मुझे बस अपना खेल खेलने के लिए कहा, और जब आप यह जान जाए कि क्या करना है, तो बस यही काफी होता है।

### विराट कोहली के 37वें जन्मदिन पर

# बीसीसीआई ने दी बधाई, शेयर किए रिकॉर्ड्स




**नई दिल्ली, एजेंसी ।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और दुनिया भर में रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली बुधवार को अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। देशभर से उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर बीसीसीआई ने विराट के शानदार रिकॉर्ड्स को शेयर करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विराट कोहली की तस्वीर साझा की और पोस्ट में लिखा कि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2011, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और 2025, तथा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के विजेता, टीम इंडिया के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान विराट कोहली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। बीसीसीआई ने विराट के अंतरराष्ट्रीय करियर के आंकड़े भी साझा किए- कुल मैच~ 553, कुल रन~ 27,673 शतक 82।

पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने एक्स पोस्ट में लिखा कि किंग कोहली 37 साल के हो गए। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज, विराट कोहली के अविश्वसनीय सफर का जश्न। उनके लिए और भी रिकॉर्ड, जीत और खुशियों से भरा साल हो, यही शुभकामनाएं हैं।

पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि विराट कोहली को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। पटेल ने विराट के साथ एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें दोनों खिलाड़ी आईपीएल के पूर्व सीजन के दौरान मिले थे। मुनाफ ने विराट के साथ टीम इंडिया के लिए कई मैच भी खेले हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मुंबई इंडियंस की टीम ने विराट कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि रन मशीन को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

विराट को उनकी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक रिकॉर्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन साल 2023 में विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों की बराबरी की थी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷एक क्रिकेट युग और एक अमर विरासत। जन्मदिन मुबारक हो, विराट।

# आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज बनीं लौरा वोल्वार्ड्ट

**दुबई, एजेंसी।** हाल में संपन्न महिला विश्व कप की शीर्ष स्कोरर रहीं दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी द्वारा जारी बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में नंबर वन बन गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने भारत की स्मृति मंधाना से नंबर वन का ताज छीना है। लौरा वोल्वार्ड्ट के वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में वनडे विश्व कप 2025 में उनके प्रदर्शन का बेहद अहम रोल रहा। वोल्वार्ड्ट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान के साथ-साथ एक सफल बल्लेबाज की भूमिका भी निभाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन की पारी खेलने वाली इस खिलाड़ी ने फाइनल में भारत के लिए 101 रन की पारी खेली। अफ्रीकी कप्तान ने 9 मैचों में 2 शतक और 3 अर्धशतक की मदद से टूर्नामेंट में सर्वाधिक 571 रन बनाए। मंधाना दूसरे नंबर पर रहीं। मंधाना ने 9 मैचों में 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाते हुए 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट की दूसरी शीर्ष स्कोरर रहीं।




आईसीसी की वनडे की बल्लेबाजों की रैंकिंग में मंधाना 811 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर चली गई हैं। मंधाना के अलावा शीर्ष 10 में भारत की जेमिमा रोड्रिग्स हैं। 9 स्थान की छलांग लगाते हुए रोड्रिग्स दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसमें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 127 रन की नाबाद पारी का अहम योगदान रहा।

ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर तीसरे, इंग्लैंड की नेट सेवियर ब्रंट चौथे, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पांचवें, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हिली छठे, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन सातवें, ऑस्ट्रेलिया की एल्सी पेरी आठवें, और वेस्टइंडीज की हिली मैथ्यू नौवें नंबर पर हैं। वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का दबदबा है। शीर्ष 10 में ऑस्ट्रेलिया की 4 बल्लेबाज हैं, दक्षिण अफ्रीका की 1, भारत की 2, इंग्लैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज की 1-1 बल्लेबाज हैं।

# चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ और एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना फाइनल में पहुंचीं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** दूसरे लेट मंजू अरोड़ा मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तय हो गया है। चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ और एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर खिताबी भिड़ंत में जगह बना ली है। आज खेले गए पहले सेमीफाइनल में चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ ने नागेश क्रिकेट एकेडमी, पीरमुछल्ला को 118 रनों के बड़े अंतर से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। यह मुकाबला ट्राई सिटी इंदरजीत क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। पहले सेमीफाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ ने 30 ओवर में सिर्फ 2 विकेट खोकर 292 रन बनाए। ओपनर शिवम कुमार ने 142 रन बनाए जबकि यश चौधरी 134 रन बनाकर नॉट आउट रहे। गेंदबाजी की तरफ से नागेश क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाज हिमांक ने 1 विकेट लिया। जवाब में इतने बड़े टोटल का पीछा करते हुए नागेश क्रिकेट एकेडमी 25.3 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 118 रन पीछे रह गई। चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ ने यह मैच 90 रनों से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। अथर्व बेक्ता ने 64 रन बनाए, शिवांश वर्मा ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी की तरफ से चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाज चिराग मेहता और ऋषभ तिवारी दोनों ने 3-3 विकेट लिए जबकि यश चौधरी ने 2 विकेट लिए। चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़ के यश चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



दूसरे सेमीफाइनल मैच में एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना ने आज प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ को 6 विकेट से हराकर दूसरे लेट मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना के आर्यन सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। फाइनल मैच नागेश क्रिकेट एकेडमी, पीरमुछल्ला, चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी, खरड़/एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना के बीच खेला जाएगा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ ने 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। आरववीर सिंह ने सबसे ज़्यादा 54 रन बनाए, जबकि गुनीत सिंह ने 35 रन और कबीरा ने 24 रन का योगदान दिया। लुधियाना के आर्यन सिंह ने 3 विकेट लिए। जवाब में, एच.के. क्रिकेट एकेडमी, लुधियाना ने 22 ओवर में 174 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नमन झ्ट्टा 44 रन बनाकर नाबाद रहे, रेंडी ने नाबाद 34 रन बनाए और कृष्णा ठाकुर ने 33 रन का योगदान दिया। प्रोफेशनल क्रिकेट क्लब, चंडीगढ़ के गुनीत सिंह ने 2 विकेट लिए, जबकि मनकीरत सिंह और हरमनजोत सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

# एशेज 2027 में खेलना चाहते हैं बेन स्टोक्स, नए केंद्रीय अनुबंध से मिले संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने नए केंद्रीय अनुबंध का ऐलान किया है। नए अनुबंध से इस बात के स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स 2027 में आयोजित होने वाली घरेलू एशेज सीरीज खेलना चाहते हैं। बेन स्टोक्स ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के साथ दो साल का करार किया है। नया अनुबंध 2027 में समाप्त होता है। पिछले कुछ महीनों में इंजरी से खुद को बचाए रखने के लिए स्टोक्स ने सिर्फ टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित किया है। दो साल के लिए उनका नया अनुबंध इस बात का संकेत है कि वह इंग्लैंड में 2027 में खेली जाने वाली एशेज सीरीज में खेलना चाहते हैं। स्टोक्स उन 14 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने दो साल के नए केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का अनुबंध 2027 के अंत तक है। इसका अर्थ यह हुआ कि मैकुलम और स्टोक्स की कोच और कप्तान की जोड़ी कम से कम अगले दो साल इंग्लैंड टेस्ट टीम का चेहरा रहने वाली है।

34 साल के बेन स्टोक्स अप्रैल 2022 में इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बने थे। ब्रेंडन मैकुलम उसी समय टेस्ट टीम के कोच बने थे। दोनों ने मिलकर टेस्ट क्रिकेट के तेजी से खेलने का %बैजबॉल% अंदाज विकसित किया, जो काफी लोकप्रिय हुआ है और इंग्लैंड टेस्ट टीम को इसका फायदा भी हुआ है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में 37 टेस्ट में इंग्लैंड ने 22 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 13 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज इंग्लैंड नहीं जीत सका था। 5 टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज, जो इस बार ऑस्ट्रेलिया में खेली जानी है, की शुरुआत 21 नवंबर से हो रही है। ऑस्ट्रेलिया में एशेज जीतना मैकुलम और स्टोक्स की जोड़ी के लिए एक बड़ी चुनौती है।



स्टोक्स कप्तानी के साथ-साथ एक बेहतरीन ऑलराउंडर के रूप में टीम को मजबूती देते हैं। स्टोक्स ने 115 टेस्ट मैचों में 14 शतक और 35 अर्धशतक लगाते हुए 7,032 रन बनाए हैं। साथ ही 230 विकेट लिए हैं।

# विश्व चैंपियन भारतीय टीम का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ स्वागत

**मुंबई, एजेंसी।** रविवार को महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्व चैंपियन बनी भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर भारतीय टीम के खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। टीम के लिए एक रंग की गाड़िया विशेष रूप से मंगाई गई थी, जो विशेष विमान के आगे चल रही थीं। सबसे आगे की गाड़ी पर तिरंगा लहरा रहा था। भारतीय टीम के हेड कोच अमोल मजूमदार ने केक काटा। उनके आस-पास टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के साथ एयरपोर्ट के अधिकारी मौजूद थे। सभी खिलाड़ियों का बुके देकर स्वागत किया गया। विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और इनाम राशि मिलने का दौर जारी है। खिताब जीतने के ठीक बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, अन्य केंद्रीय मंत्रियों, राज्य के मुख्यमंत्रियों, पूर्व क्रिकेटरों और समाज के हर क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी। राज्य सरकारें विश्व कप की टीम में शामिल अपने खिलाड़ियों के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा कर रही हैं।



मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य की खिलाड़ी क्रांति गौड़ के लिए 1 करोड़ की इनामी राशि की घोषणा की है। महिला विश्व कप का फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 298 रन बनाए थे। शेफाली वर्मा ने 87 और दीप्ति शर्मा ने 58 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका 45.3 ओवर में 246 पर सिमट गई और 52 रन से खिताबी मुकाबला हार गई। दीप्ति शर्मा ने 5 और शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लिए।शेफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच और दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया था। दीप्ति ने टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने के साथ 215 रन बनाए थे।

# देशी धान की 200 किस्में किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत : कलेक्टर

## पिथौराबाद में कृषि प्रक्षेत्र दिवस पर जुटे किसान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में आम, केला जैसे फलों और अनाजों की किस्में तो देखने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह यहां 200 से अधिक धान की परंपरागत किस्में संरक्षित हैं। वह क्षेत्र के किसानों के लिए ही नहीं कृषि वैज्ञानिकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। यह बात सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने पिथौराबाद में बुधवार को आयोजित जैव विविधता कृषि प्रक्षेत्र दिवस को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही।

**देशी किस्मों को अपनाकर किसान उठाए लाभः** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने किसानों से कहा कि वे परंपरागत अनाजों का उत्पादन कर कम लागत में अधिक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों को परंपरागत अनाज के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। जैव विविधता प्रबंधन समिति और सर्जना सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान कृषि वैज्ञानिक कृषि विभाग के अधिकारी जनपद के अधिकारी उपस्थित रहे.।

**परंपरागत बीज के संरक्षण की जरुरतः** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने परंपरागत अनाज, सब्जी आदि को बचाए रखने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों का विस्तार से उल्लेख करते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी ने कृषि उपकरण संग्रहालय, बीज बैंक के निर्माण तथा 200 प्रकार की धानों परंपरागत बीज संरक्षण को लेकर श्री दाहिया द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इन कार्यों के विस्तार पर जोर दिया। परंपरागत खेती को किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ. सदाचारी सिंह तोमर सेवानिवृत, अपर संचालक कृषि आरएस चर्मकार, सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, जगदीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य प्रताप सिंह व आभार प्रदर्शन सर्जना सचिव डॉ. बसंत तिवारी ने किया।

**एक साथ 200 प्रकार की धानो को देख हुए अचंभितः** इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस सहित अन्य अधिकारियों ने खेत में पहुंचकर वहां लगी 200 प्रकार की दुर्लभ परम्परागत धान की अलग-अलग किस्मों को देख अचंभित रहे। इसके अलावा बीज बैंक व कृषि आश्रित समाज के दुर्लभ कृषि यंत्रों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया।

# ट्रक ड्राइवर की सूझबूझ से पकड़े गए डीजल चोर, स्कॉर्पियो सहित 2 हिरासत में; 2 फरार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एनएच-30 पर डीजल चोरी कर रहे दो संदिग्धों को ट्रक चालक की सूझबूझ से पकड़ा गया। इस दौरान उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

घटना ओढ़की टोल प्लाजा के समीप पाल मोड़ के पास करीब सुबह 4 बजे हुई। चोर हाईवे किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चुरा रहे थे, तभी एक ट्रक चालक ने उन्हें अपनी गाड़ी के शीशे से चोरी करते देख लिया। ड्राइवर ने तुरंत ट्रक आगे-पीछे कर चोरों को भागने से रोकने का प्रयास किया, जिससे चोरों की स्कॉर्पियो गाड़ी से टक्कर हो गई।

**लोगों ने दौड़ाकर पकड़े दो चोरः** टक्कर के बाद स्कॉर्पियो डिवाइडर में जा घुसी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। शोर सुनकर आसपास के होटल और ढाबे के लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे दो चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़ी गई गाड़ी का नंबर एमपी-18टी-3283 बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ये चोर लंबे समय से हाईवे पर ट्रकों से डीजल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। वे रात के समय स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर आते थे।

**पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रहीः** घटना की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम और डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही रामपुर बघेलान थाना पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची और पकड़े गए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों ने चोरों की गाड़ी और घटनास्थल का वीडियो भी बनाया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद फरार साथियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। बताया जाता है कि आरोपी शहडोल से आकर हाईवे किनारे खड़े होने वाले ट्रकों से डीजल चोरी करते थे।

## परियोजना सोहावल के दावा-आपत्ति निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं के आंगनवाडी केन्द्रों में रिक्त आंगवाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती के लिए एमपी आनलाइन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किये गये थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा अंनतिम सूची का प्रकाशन आनलाइन किया गया है।

अनंतिम सूची के विरूद्ध आवेदिकाओं से प्राप्त दावा-आपत्तिओं का निराकरण किये जाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव सिंह ने बताया कि 6 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभागार में परियोजना सोहावल की बैठक आयोजित की जायेगी।

इसी प्रकार 7 नवम्बर को उचेहरा, चित्रकूट-1 तथा 11 नवम्बर को नागौद-1 परियोजना की दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभागार में समिति की बैठक आयोजित होगी। अंनतिम सूची के विरूद्ध दावा-आपत्ति करने वाली सभी आवेदिकायें संबंधित साक्ष प्रमाण सहित समिति की बैठक में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। जिससे नियमानुसार दावा-आपत्तियों पर निर्णय लिया जा सके।

# भैंसों से भरा ट्रक पलटा, 10 की मौत कई पशु घायल, अवैध परिवहन के दौरान हुआ हादसा; ड्राइवर-व्यापारी हुए फरार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतना मार्ग पर स्थित बगदरा घाटी में बुधवार तड़के लगभग चार बजे एक ट्रक पलट गया। हादसे में 10 भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा अवैध रूप से पशुओं को ले जा रहे एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने के कारण हुआ। हादसे के बाद ट्रक चालक और पशु व्यापारी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

**ट्रक में 57 से ज्यादा भैंसें और पड़वे थेः** जानकारी के अनुसार, यह ट्रक हरियाणा से आ रहा था और इसमें करीब 57 से अधिक भैंसें और पड़वे लदे हुए थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक के पलटते ही कई पशु गंभीर रूप से घायल हो गए और लगभग 10 की मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जानवरों को निकालाः** स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। चित्रकूट थाना प्रभारी डीआर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से फंसे हुए जानवरों को निकालने का काम शुरू कराया।

**घंटों तक नहीं पहुंचे डॉक्टर, तड़पते रहे घायल पशुः** हालांकि, हादसे के बाद ट्रक चालक और पशु व्यापारी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कई पशु गंभीर रूप से घायल थे, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी कोई पशु चिकित्सक या प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे घायल पशुओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी।

**लोगों का आरोप- लंबे समय से हो रही अवैध तस्करीः** स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग से उत्तर प्रदेश के लिए अवैध पशु परिवहन का सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुलिस ने फिलहाल ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ढाबे से 890 लीटर डीजल-पेट्रोल जब्त, अवैध बिक्री की सूचना के बाद पुलिल का एक्शन; आरोपी को गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** अमदरा थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनएच-30) पर स्थित एक ढाबे से भारी मात्रा में अवैध पेट्रोल और डीजल जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया। कुल 890 लीटर अवैध ईंधन बरामद हुआ है।

यह कार्रवाई ग्राम घुनवारा स्थित गौरी शंकर ढाबे पर की गई। तलाशी के दौरान ढाबे के पीछे एक बंद कमरे से 630 लीटर डीजल और 260 लीटर पेट्रोल अवैध रूप से बरामद हुआ। पुलिस ने डीजल निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला पंप, तेल नापने का उपकरण और कई बाल्टियां भी जब्त कीं। इस मामले में रविशन केशरी नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को लंबे समय से मैहर से कटनी मार्ग के बीच कई ढाबों में पेट्रोल-डीजल की अवैध बिक्री और कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि कुछ ढाबा संचालक हाईवे पर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करवाकर कम दामों में बेचते थे, जिससे ट्रक ड्राइवरों और वाहन मालिकों को नुकसान हो रहा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मार्ग पर अवैध ईंधन कारोबारियों की सक्रियता को देखते हुए चौकसी बढ़ाई जाएगी। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब तक नियमित और सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक हाईवे पर डीजल चोरी और कालाबाजारी का यह धंधा रुकना मुश्किल है।

## अल्ट्राटेक फैक्ट्री में सुपरवाइजर की मौत, 23 लाख मुआवजा दिया :पत्नी को पेंशन और बेटे को मिलेगी नौकरी



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत एक सुपरवाइजर की मौत के बाद बुधवार सुबह परिजनों ने सतना जिला अस्पताल में मुआवजे की मांग को लेकर नाराजगी जताई। फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया। परिजनों के विरोध के बाद अल्ट्राटेक प्रबंधन ने मृतक के परिवार को 18 लाख रुपए का चेक और 1 लाख रुपए नकद दिए। मोनोमार्क एजेंसी ने 3 लाख रुपए का चेक और 1 लाख रुपए नकद प्रदान किए। इस प्रकार कुल 23 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। अल्ट्राटेक ने मृतक की पत्नी को पेंशन और बच्चे के 18 वर्ष पूरे होने पर नौकरी देने का भी आश्वासन दिया है।

हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया कि मोनोमार्क कंपनी अपने वादों से पीछे हट रही थी और संतोषजनक मुआवजा नहीं दे रही थी, जिसके कारण शुरुआत में नाराजगी थी। यह घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक दीपक सिंह (42 वर्ष), पुत्र धूप सिंह, निवासी तरया सुजान, खुर्शीनगर (उत्तर प्रदेश), अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री मैहर में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। फैक्ट्री परिसर में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। मोनोमार्क एजेंसी के सुपरवाइजर दीपक सिंह सहित चार लोग रस्सों की मदद से रास्ते के बीच से एक टावर हटाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान दीपक सिंह का संतुलन बिगड़ गया और वे रस्से के साथ ऊपर की ओर खिंचकर अचानक नीचे गिर पड़े। उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# शराबी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मारा, सिर दर्द का बहाना कर अस्पताल में कराया भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अहिरगांव में घरेलू विवाद के दौरान शराबी पति ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में वह रविवार को अस्पताल पहुंची, जहां उसकी मौत हो गई। पति ने गिरने से चोट लगने की कहानी बताकर डॉक्टरों को गुमराह किया, लेकिन मंगलवार को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट और मारपीट के निशान मिलने से हत्या का खुलासा हो गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

**नशे में घर लौटकर सिर दीवार पर पटकाः** पुलिस के अनुसार दिलेश आदिवासी (35) रविवार रात शराब पीकर घर पहुंचा। किसी बात पर विवाद बढ़ा तो उसने पत्नी सोनू आदिवासी (30) की पिटाई कर दी। जब सोनू ने मायके जाने की बात कही तो आरोपी और भड़क गया और सिर दीवार पर कई बार पटका, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोश होने पर उसने पड़ोसी गांव में झाड़-फूंक कराई। हालत नहीं सुधरी तो जिला अस्पताल ले गया और गिरकर सिर में दर्द होने की झूठी कहानी डॉक्टरों को बताई। इलाज के दौरान रविवार को ही सोनू की मौत हो गई।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में संदेह दूर हुआः** डॉक्टरों ने चोटों पर शक जताकर पुलिस को सूचना दी। सोमवार को पोस्टमॉर्टम हुआ और मंगलवार को रिपोर्ट में सिर की गंभीर चोट व मारपीट से मौत की पुष्टि हुई। गांव में पूछताछ में पता चला कि वह आए दिन नशे में पत्नी से मारपीट करता था। पुलिस की कड़ाई में उसने हत्या की बात मान ली। उसके विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। दोनों की शादी 12 साल पहले हुई थी। उनकी एक 11 साल का बेटा और एक 9 साल की बेटी हैं।

## उर्वरकों की समुचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने कमिश्नर के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा 18 जून 2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों का वितरण पारदर्शी एवं निर्बाध तरीके से सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने संभाग के सभी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा है कि रबी की बोनी को दृष्टिगत रखते हुए अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत उर्वरकों की समुचित वितरण व्यवस्था के लिए मैदानी अमलों का दायित्व सुनिश्चित करें।

डबल लॉक केन्द्रों, थोक विक्रेताओं आदि प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण कराते हुए उर्वरक वितरण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करायें, ताकि कृषकों को सुगमतापूर्वक गुणवत्तायुक्त उर्वरक व अन्य कृषि आदान प्राप्त हो सकें। इसके लिए अपने स्तर पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर सतत निरीक्षण कराया जाये तथा अनियमितता या अवैध भण्डारण तथा वितरण पाये जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधान अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये।

# 30 हजार का अवैध डीजल-पेट्रोल जब्त, ड्राइवर-कंडक्टर पर केस दर्ज; पुलिस ने गाड़ी भी की जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पुलिस ने मंगलवार दोपहर धारकुंडी तिराहे पर चेकिंग के दौरान यूपी से सस्ता डीजल और पेट्रोल लेकर आ रहे एक मालवाहक वाहन एमपी19-ज़ेडजे-9193 को रोककर 300 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किया। जब्त ईंधन की कीमत लगभग 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने वाहन चालक और कंडक्टर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं बीएनएस की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

**घेराबंदी कर पकड़ा मालवाहक वाहनः** थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर धारकुंडी तिराहे के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान यूपी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे मालवाहक को रोककर तलाशी ली गई। पीछे रखे दो ड्रमों में अवैध रूप से भरा डीजल-पेट्रोल मिला।

**खरीदी के दस्तावेज नहीं दिखा पाए आरोपीः** वाहन चालक विकास पुत्र मधुवन नामदेव (22), निवासी वासुदेव मोहल्ला, और कंडक्टर तरुणेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह पटेल (25), निवासी हरदुआ, थाना सेमरिया, जिला रीवा से खरीदी व परिवहन के दस्तावेज मांगे गए। दोनों कोई कागज नहीं प्रस्तुत कर पाए। ऐसे में 5 लाख रुपए कीमत का वाहन और ईंधन जब्त कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में एएसआई सुरेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षक अजय साकेत और आरक्षक बृजेश पटेल शामिल रहे।

## मैहर में होने वाली जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति की बैठक निरस्त

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के नियुक्ति प्रक्रिया में प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण के लिए 6 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजेन्द्र बांगरे ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से यह बैठक निरस्त कर दी गई है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।